RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः51 , शनिवार, 04 अप्रैल 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 | 9471060219, 9470050309 | www.bordernewsmirror@gmail.com




ज्ञान भारती कोचिंग सेंटर के मेधावियों का जलवा, 17 छात्रों ने 400 से अधिक अंक लाकर बढ़ाया ... 03


बढ़ती महंगाई के विरोध में सड़क पर उतरे कांग्रेसी, नारेबाजी और प्रदर्शन से गरमाया... 04

सिंगापुर की गलियों में बसा मौनी रॉय का दिल, बोलीं-शूटिंग करने आई ... 07

## ये अमृतकाल नहीं, सनातनियों का संकटकाल है

- भाजपा संविधान से नहीं,मन-विधान से चलने वाली पार्टी
- अखिलेश ने कहा-हम गांव-गांव मनाएंगे अंबेडकर जयंती

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश में अमृतकाल नहीं, बल्कि संकटकाल चल रहा है। समाजवादी पार्टी अब गांव-गांव जाकर डॉ. भीमराम अम्बेडकर की जयंती मनाएगी और संविधान पर चर्चा करेगी। अखिलेश ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार संविधान को कमजोर करने की कोशिश कर रही है और लोकतंत्र की जगह एकतंत्र लाना चाहती है। यह अमृतकाल नहीं है, यह सनातनियों का संकटकाल चल रहा है। संत मारे जा रहे हैं, संतों की हत्याएं हो रही हैं, उनका अपमान किया जा



रहा है। अखिलेश ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में लोहिया वाहिनी और छात्रसभा, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड सहित अन्य संगठन के जिला स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक बुलाई थी। इसी अवसर पर वे मीडिया से मुखातिब थे।

**भाजपा सौदागर की तरह काम कर रही-** अखिलेश यादव सपा कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हम समाजवादी लोग बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के दिए हुए संविधान, डॉ लोहिया के दिखाया हुए रास्ते और नेताजी के आदर्शों पर चलकर समाजवादी व्यवस्था लागू करना चाहते हैं।

दूसरी ओर भाजपा की सरकार है, जो सौदागर की तरह काम कर रही है। हर चीज बेच रही है। उनका लक्ष्य केवल मुनाफा कमाना है। उनके भ्रष्टाचार की वजह से महंगाई बढ़ रही है। नौजवानों को सिर्फ बड़े-बड़े निवेश के सपने दिखाए गए। पढ़े-लिखे नौजवानों के हाथों में रोजगार नहीं है। सरकार से पूछो कि निवेश से कितने रोजगार के अवसर बने, तो आंकड़े नहीं बताते। यह संविधान से चलने वाले वाले लोग नहीं हैं।

### जापान घूम आए, लेकिन कुछ नहीं सीखा

अखिलेश यादव ने सीएम योगी के जापान दौरे पर तंज कसा। कहा कि ये लोग जापान घूम आए, लेकिन वहां से भी कुछ नहीं सीखा। कम से कम जापान देखकर सरकार की आंखें तो खुल जानी चाहिए थी, लेकिन ऐसा लगता यह है कि जापान देखने के बाद आंखें बंद हो गई हैं। हमारे प्रदेश में एक खास वनस्पति हर जगह पकड़ी जा रही है। लगता तो प्रदेश में वनस्पति का कहीं रिसर्च सेंटर ना खुल जाए। पता ही नहीं चलता कि असल में है कि असर से है। क्योटो (गोरखपुर) का हाल आपने देखा ही होगा कि किस तरह वहां गोली चल रही है। मुख्यमंत्री की नगरी में उन्हीं के सांसद, उन्हीं के नेता सरकार पे और सरकार के सबसे करीब लोगों के ऊपर आरोप लगा रहे हैं। उनके एक राज्यसभा सांसद ने तो यहां तक कह दिया कि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो सरकार का डैश-डैश-डैश कर देंगे।

# मिशन 2029 के लिए बीजेपी ने चल दिया बड़ा दांव!

- महिला आरक्षण बिल और परिसीमन के सहारे करेगी खेला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुरुवार को संसद का वर्तमान बजट सत्र बढ़ा दिया गया है। इसके बाद अब 16 से 18 अप्रैल के बीच लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों की 3 दिवसीय बैठक होगी। इस विस्तारित सत्र को लेकर केंद्र सरकार की बड़ी तैयारियां हैं। सरकार इस तीन दिनों की कार्यवाही के दौरान महिला आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन से जुड़ा विधेयक ला सकती है। इसके अलावा केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी परिसीमन की प्रक्रिया भी जल्द ही शुरू कर सकती है। बीजेपी ने अभी से ही मिशन 2029 की तैयारी शुरू कर दी है। जहां 2014 से पहले बीजेपी का फोकस राम मंदिर, अनुच्छेद 370 और यूनिफॉर्म सिविल कोड जैसे मुद्दों पर था, वहीं अब पार्टी नए एजेंडे के साथ आगे बढ़ रही है।




### महिलाओं को मिलेगा 33 फीसदी आरक्षण

इससे पहले केंद्र सरकार परिसीमन (डिलिमिटेशन) प्रक्रिया शुरू करने और लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इसे एक रणनीतिक फैसला माना जा रहा है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' यानी महिला आरक्षण कानून को संसद के विस्तारित सत्र में पास कराया जा सकता है। गौरतलब है कि यह कानून सितंबर 2023 में पास हुआ था, लेकिन इसमें लागू करने की कोई तय समय सीमा नहीं थी। अब 2029 के चुनाव को ध्यान में रखते हुए बीजेपी इसे लागू करने के लिए तैयार है।

### 2027 तक पूरा होगा परिसीमन, बड़ा है दांव

वहीं परिसीमन की प्रक्रिया भी 2027 तक पूरा होने की संभावना है। प्रस्ताव है कि लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या करीब 50 प्रतिशत बढ़ाई जाए। इससे लोकसभा की कुल सीटें बढ़कर 816 हो सकती हैं, जिनमें से 272 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इससे पुरुष और महिला दोनों वर्गों को संतुलित प्रतिनिधित्व मिलेगा। परिसीमन को लेकर दक्षिण भारत में जो चिंता थी, उसे दूर करने के लिए सरकार राज्यों के बीच सीटों का अनुपात बरकरार रखने पर भी विचार कर रही है। अगर यह योजनाएं 2029 तक लागू हो जाती है, तो भारतीय राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। बीजेपी इस बदलाव का श्रेय लेकर महिला वोटरों को और मजबूत तरीके से जोड़ सकती है।

## ईरान की मिडिल ईस्ट में 8 ब्रिज उड़ाने की धमकी




**तेल अवीव/ तेहरान (एजेंसी)।** ईरान ने मिडिल ईस्ट के 8 बड़े पुलों की लिस्ट जारी कर उन्हें तबाह करने की धमकी दी है। ईरान इन पुलों को

- लिस्ट जारी की, अमरीका ने ईरानी पुल तबाह किया था

रणनीतिक तौर पर अहम मानता है, क्योंकि ये कई देशों की कनेक्टिविटी और ट्रांसपोर्ट के लिए बेहद जरूरी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान की लिस्ट में कुवैत,यूएई, सऊदी अरब और जॉर्डन के कई महत्वपूर्ण पुल शामिल हैं। इनमें शेख जाबेर अल-अहमद समुद्री पुल (कुवैत), शेख जायद ब्रिज, अल मकता ब्रिज, शेख खलीफा ब्रिज (यूएई),



किंग फहद कॉजवे (सऊदी अरब-बहरीन) और जॉर्डन के किंग हुसैन, डामिया और अबदून ब्रिज शामिल हैं। इससे पहले गुरुवार को अमेरिका-इजराइल ने ईरान के करज शहर में हमला किया था।

## अब समंदर में और बढ़ गई भारत की ताकत

- आईएनएस तारागिरी और आईएनएस अरिदमन नौसेना में हुए शामिल




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईएनएस तारागिरी और आईएनएस अरिदमन शुक्रवार को भारतीय नौसेना में शामिल हो गए है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विशाखापत्तनम में परमाणु पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन और स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तारागिरी को राष्ट्र को समर्पित किया। विशाखापत्तनम में आयोजित इस गरिमामय समारोह में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और सीडीएस जनरल अनिल चौहान सहित कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### गहराई में छिपकर दुश्मन को तबाह करने की क्षमता

यह दोनों युद्धपोत भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट 17ए के तहत एक उन्नत स्टेल्थ फ्रिगेट हैं। आईएनएस अरिदमन जहां समंदर की गहराई में छिपकर दुश्मन को तबाह करने की क्षमता रखती है, तो आईएनएस तारागिरी सतह पर तेज रफ्तार



और आधुनिक हथियारों के साथ दुश्मनों पर हमले करने के लिए तैयार है। दरअसल,तारागिरी को ऐसे समय में नौसेना में शामिल किया गया है, जब भारत के पूर्वी समुद्री तट का रणनीतिक और समुद्री महत्व लगातार बढ़ रहा है। इसकी मुख्य वजह क्षेत्रीय सुरक्षा के बदलते समीकरण और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की बढ़ती भागीदारी है। प्रोजेक्ट 17ए के तहत निर्मित यह चौथा शक्तिशाली युद्धपोत है। से पूरी तरह भारत में तैयार किया गया है। 6,670 टन वजनी यह युद्धपोत न केवल मेक इन इंडिया की सफलता की कहानी कहता है।

## असम में यूसीसी लाएंगे, इससे आदिवासी बाहर रहेंगे

- गृह मंत्री अमित शाह ने गोलपाड़ा में की चुनावी सभा

**दिसपुर (एजेंसी)।** गृह मंत्री अमित शाह ने असम के गोलपाड़ा में चुनावी सभा में कहा कि राज्य में यूसीसी लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद कोई चार शादी नहीं कर सकेगा। यूसीसी में कांग्रेस आदिवासियों को डराती है कि आप पर भी यूसीसी लगेगी लेकिन आदिवासियों को यूसीसी से बाहर रखा जाएगा। पूर्वोत्तर राज्य के दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को दिक्कत का सामना करना पड़ा। तकनीकी कारणों से उनका हेलीकॉप्टर लैंड नहीं कर पाया। इसके बाद उन्होंने फोन के जरिए ही जनसभा को संबोधित किया। बीजेपी ने असम के गोलकगंज में इसके बाद रैली को रद्द कर दिया, हालांकि अगले कार्यक्रम में अमित शाह व्यवस्थित तरीके से पहुंच गए।

## चुनाव में फायदा उठाने के लिए बुलाया है विशेष सत्र

- केंद्र पर बरसी कांग्रेस, बंगाल समेत 5 राज्यों का दिया हवाला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि सरकार ने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के नतीजों को प्रभावित करने तथा चुनावी लाभ हासिल करने के लिए इस महीने संसद का विशेष सत्र बुलाया है, जो चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन करके दोबारा श्रेय लेना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के साथ परिसीमन का भी एकतरफा फैसला किया, जबकि इस बारे में विपक्ष के साथ कोई बातचीत नहीं की। महिला आरक्षण विधेयक पारित करने के लिए गुरुवार को संसद का वर्तमान बजट सत्र बढ़ा दिया गया और अब लोकसभा तथा राज्यसभा की अगली बैठक 16 अप्रैल को होगी। दोनों सदनों की तीन दिवसीय बैठक 16 से 18 अप्रैल के बीच हो सकती है। पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, संसद का वर्तमान बजट सत्र गुरुवार, दो अप्रैल को ही संपन्न होना था।

## बिहार के मोतिहारी में जहरीली शराब से 5 की मौत

- 6 की आंख की रोशनी गई, 7 लोगों की हालत गंभीर
- हत्या का केस दर्ज

**मोतिहारी (एजेंसी)।** बिहार में एकबार फिर जहरीली शराब से मौत हुई है। मोतिहारी में 5 लोगों की जान चली गई, जबकि 15 की हालत गंभीर है। इनमें से 6 की आंखों की रोशनी चली गई है। सभी का इलाज अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है। बीमार लोगों में से 2 की हालत नाजुक बनी हुई है। मामला रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के बालगंगा गांव से शुरू हुआ और अब आसपास के इलाकों में फैल गया है। रघुनाथपुर थाना के बालगंगा के संपत साह ने दोपहर 1 बजे मुजफ्फरपुर के अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

इससे पहले सुबह परीक्षण मांझी (46), और हीरालाल भगत की मौत हो गई। जबकि पहली मौत कल सुबह और दूसरी कल गुरुवार रात को हुई। शराबकांड पर एसपी ने कार्रवाई की है।



**तेजस्वी बोले-**

### बिहार में शराबबंदी फेल

मोतिहारी शराबकांड पर तेजस्वी यादव ने सरकार को घेरा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा, '4 लोगों की मौत, 6 लोगों की आंखों की रोशनी चले जाना और कई लोगों की हालत गंभीर होना अत्यंत दुखद है। यह बिल्कुल भी पहली बार नहीं है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार शराबबंदी लागू होने के बाद से अब तक बिहार में जहरीली शराब से 1300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। यह तो केवल सरकारी आंकड़ा है, हकीकत में यह संख्या इससे अधिक है।

- ईरान के टोल बूथ पर अमेरिका का भीषण हमला

## जल उठा केशम पोर्ट, सैटेलाइट तस्वीरों में दिख रही है तबाही



**तेहरान (एजेंसी)।** इजरायल और अमेरिका ने ईरान के केशम के पोर्ट पर हमला किया है। यूरोपियन यूनियन/कोपरनिकस सेंटिनल-2 की सैटेलाइट तस्वीरों में गुरुवार को ईरान के केशम बंदरगाह से धुआं उठता हुआ देखा गया है। यह हमला ईरान के लिए रणनीतिक और आर्थिक तौर पर बड़ा झटका है। यह पोर्ट ईरान के होर्मुज स्ट्रेट पर नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण हैं। ईरान की होर्मुज में टोल वसूलने जैसे व्यवस्था के लिए इस द्वीप का बहुत महत्व है। केशम फ्री जोन के अधिकारियों ने बताया कि ईरान के केशम द्वीप पर स्थित बहमन कमर्शियल बंदरगाह और दोहा मछली पकड़ने के घाट के कुछ हिस्सों को नुकसान पहुंचा है। यह नुकसान 1 अप्रैल की शाम से 2 अप्रैल की दोपहर तक बंदरगाह की सुविधाओं को निशाना बनाकर किए गए अमेरिकी-इजरायली हमलों के कारण हुआ।

## दतिया विधायक राजेंद्र भारती की विधानसभा सदस्यता खत्म

- देर रात सचिवालय पहुंचे प्रमुख सचिव,आदेश जारी किया; कोर्ट जाएगी कांग्रेस

**भोपाल (एजेंसी)।** विधानसभा सचिवालय ने दतिया विधायक राजेंद्र भारती की सदस्यता खत्म करने का आदेश जारी कर दिया है। गुरुवार देर रात करीब साढ़े दस बजे प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा विधानसभा पहुंचे। इसके बाद सचिवालय खोलकर भारती की सीट रिक्त घोषित करने का पत्र चुनाव आयोग को भेजने की प्रक्रिया शुरू की गई। शर्मा आदेश टाइप करा रहे थे, इसी बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और दूसरे नेता भी विधानसभा पहुंच गए। दोनों नेता सीधे प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा के चैंबर में पहुंचे और पूछा कि इतनी रात में विधानसभा क्यों खोली गई। प्रमुख सचिव शर्मा बिना जवाब दिए वहां से निकल गए। देर रात आदेश जारी कर दिया गया। उधर, कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भारती की सदस्यता खत्म करने के लिए यह कदम भाजपा के इशारे पर उठाया गया।

- **पीसीसी चीफ ने कहा- भाजपा लोकतंत्र खत्म करने में जुटी-** मामले पर पीसीसी चीफ जीतू


राजेंद्र भारती

पटवारी ने शुक्रवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें कहा- विधायक राजेंद्र भारती की सदस्यता खत्म करने के विरोध में कांग्रेस कोर्ट जाएगी। इसको लेकर पार्टी सांसद और सीनियर एडवोकेट विवेक तन्खा, दिग्विजय सिंह, कपिल सिब्बल समेत टीम काम कर रही है।

- **राजेंद्र भारती को राहत नहीं मिली तो होगा उपचुनाव-** कोर्ट ने कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को 60 दिन का समय अपील के लिए दिया है। अगर इस दौरान सीनियर कोर्ट से भारती को राहत नहीं मिलती है तो दतिया विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना तय है। विधानसभा सचिवालय द्वारा दतिया की विधानसभा सीट खाली किए जाने का निर्णय चुनाव आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को भी भेजा गया है। अब इस पर ईसी निर्णय लेगा।

### मंत्री बोले- कार्यवाही का राज्यसभा चुनाव से कोई लेना-देना नहीं

जीतू पटवारी के सवालों पर सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने पलटवार किया। सारंग ने कहा- इस कार्यवाही का राज्यसभा चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है। भारती को भ्रष्टाचार के मामले में 3 साल की सजा सुनाई गई है। यह भ्रष्टाचार भाजपा नहीं, कांग्रेस सरकार के समय हुआ। भारती ने अमानत में खयानत की और फिर कोर्ट को भ्रमित किया। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में स्पष्ट उल्लेख है कि अगर किसी जनप्रतिनिधि को 2 साल या उससे अधिक की सजा मिलती है तो वह उसी समय अपनी सदस्यता खो देगा। ऐसा व्यक्ति 6 साल तक चुनाव लड़ने का अधिकार भी नहीं रखेगा। सारंग ने कहा कि जीतू पटवारी और पीसी शर्मा विधानसभा के सदस्य नहीं हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में 39° तक पहुंचा पारा, अप्रैल की शुरुआत में ही बढ़ी गर्मी, पटना में तेज धूप

**पटना**। अप्रैल की शुरुआत के साथ ही बिहार में गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के पूर्वानुमान के अनुसार राज्यभर में फिलहाल मौसम शुष्क बना रहेगा और अगले कई दिनों तक बारिश की कोई संभावना नहीं है। तेज धूप और साफ आसमान के कारण अधिकतम तापमान 36 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। पिछले 24 घंटों में बिहार के अधिकांश जिलों में तापमान सामान्य से 1 से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 4-5 दिनों तक शुष्क मौसम बना रहेगा और गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है।राजधानी पटना में आज मौसम साफ रहेगा, हालांकि शाम या रात में हल्के बादल छा सकते हैं। दिन के समय तेज धूप के कारण गर्मी का असर ज्यादा रहेगा। पटना में अधिकतम तापमान 39°C और न्यूनतम तापमान 26°C के आसपास रहेगी।

### ऑटो पलटने से एक की मौत, राजमिस्त्री का काम करके लौटने के दौरान हादसा, पांच भाई-बहनों में थे सबसे छोटे

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र में रामदौली स्कूल के पास गुरुवार शाम करीब 6:30 बजे एक ऑटो पलट गया। इस दुर्घटना में ऑटो सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान बिदुपुर थाना क्षेत्र के चौकसन निवासी स्वर्गीय लक्ष्मण राय के 50 वर्षीय बेटे विशुन राय के रूप में हुई है। घायल विशुन राय को स्थानीय लोगों ने तुरंत बिदुपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद, गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने विशुन राय को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र अजय राय ने बताया कि उनके पिता जढ़ुआ मामू भांजा के निकट साधु राय के यहां से राजमिस्त्री का काम करके लौट रहे थे। जढ़ुआ से टेंपो पकड़कर वे घर वापस जा रहे थे। रामदौली हाई स्कूल के पास एक साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ऑटो में सवार अन्य लोग भी घायल हुए, जिनमें से कुछ को हल्की चोटें आईं और उन्होंने बिदुपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से उपचार कराकर घर लौट गए। विशुन राय अपने पांच भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। सदर अस्पताल में स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी गई। आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### रिटायर्ड स्टेशन मास्टर के घर चोरी

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के बिदुपुर प्रखंड अंतर्गत चकसिकंदर स्थित कल्याणपुर गांव के वार्ड नंबर 8 में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने रिटायर्ड रेलवे स्टेशन मास्टर लाल बहादुर राय के घर को निशाना बनाया और करीब 10 भर सोना, 100 ग्राम चांदी तथा 3 लाख रुपए कैश चुरा लिए। घटना के बारे में लाल बहादुर राय के बेटे सोनू कुमार ने बताया कि वह रात में अपने कमरे में सो रहे थे। चोरों ने पहले उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया, फिर पूरे घर में तलाशी लेकर कीमती सामान पर हाथ साफ किया। सुबह जब सोनू उठे तो देखा कि दरवाजा बाहर से बंद है। उन्होंने तुरंत छत पर सो रहे अपने भांजे राहुल को फोन किया। राहुल छत से नीचे आया और दरवाजा खोला। इसके बाद पूरे घर की तलाशी लेने पर पता चला कि अलमारी का ताला टूटा हुआ है और सारे गहने-नकदी गायब हैं। सोनू ने बताया कि चोर लगभग 10 भर सोना (सोने के आभूषण), 100 ग्राम चांदी के बर्तन तथा तीन लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए। परिजनों के मुताबिक, चोर रात में ही इस वारदात को अंजाम देकर चुपके से निकल गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही गांव के कुछ संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए। पीड़ित परिवार में इस चोरी से गहरा आघात लगा है। रिटायर्ड स्टेशन मास्टर लाल बहादुर राय की जमापूंजी एक ही रात में चोरी हो जाने से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जल्द ही चोरों को पकड़ने का दावा कर रही है।



### मुजफ्फरपुर में दिनदहाड़े पूर्व पार्षद से छिनतई

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के सिकंदरपुर में दिनदहाड़े पूर्व पार्षद से छिनतई हुई है। अपराधियों ने सरेराह विकास सहनी के गले से सोने की चेन झपट ली। स्थानीय लोगों ने बदमाशों का पीछा किया। इस दौरान वर्तमान पार्षद गणिता देवी का पुत्र अपराधियों को पकड़ने के प्रयास में गंभीर रूप से घायल हो गया। हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। घटना सिकंदरपुर इलाके की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बदमाश बेखौफ होकर पिस्टल लहराते हुए भागे, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। पीड़ित विकास साहनी ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे जिम से लौटने के बाद सब्जी खरीदने के लिए मंडी गए थे। इसी दौरान पीछे से अपाचे बाइक पर सवार दो अपराधी आए। गले से करीब 50 ग्राम की सोने की चेन झपट ली। चेन की कीमत लगभग 10 लाख रुपए है। हिम्मत दिखाते हुए बदमाशों का पीछा किया, लेकिन अपराधियों ने पिस्तौल निकालकर उनकी ओर तान दी। हथियार देखकर वह डर गए और अपनी जान बचाने के लिए पीछे हट गए। वहीं, वार्ड-17 की वर्तमान पार्षद गणिता देवी के बेटे ने बताया कि वह भी उसी समय सब्जी लेने गए थे। स्कूटी से बदमाशों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन अपराधियों ने उन पर भी पिस्तौल तान दी। घबराहट में उन्होंने अपनी स्कूटी पास की एक दुकान में ठोंक दी, जिससे वह गिरकर घायल हो गए। पीड़ित विकास साहनी ने पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब दिनदहाड़े युवाओं के साथ ऐसी घटनाएं हो रही हैं, तो महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता खड़ी होती है। लोगों का कहना है कि सिकंदरपुर जैसे संवेदनशील इलाके में भी पुलिस गश्त की कमी साफ दिख रही है। इस घटना ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर अपराधियों में पुलिस का डर क्यों नहीं बचा है। घटना के बाद सिकंदरपुर थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने की बात कही है। थानाध्यक्ष डीके महतो ने बताया कि एक कैमरे में संदिग्ध गतिविधि करते कुछ युवक नजर आए है, जिनकी पहचान कर छापेमारी की जा रही है।

### अप्रैल की शुरुआत में ही तपने लगा मुजफ्फरपुर, 38 डिग्री तक पहुंचा पारा, दिन में सड़कों पर दिखा सन्नाटा

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में गर्मी ने समय से पहले ही अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.3 डिग्री कम है। आज कुछ इलाकों में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जिससे लोगों को अप्रैल में ही जून जैसी गर्मी का एहसास होने लगा है। सुबह 9 बजे के बाद ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर दिया है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। जो लोग बाहर निकल रहे हैं, वे गमछा या कपड़े से चेहरा ढककर चल रहे हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग खीरा, ककड़ी, डाभ (नारियल पानी) और अन्य ठंडे फलों का सहारा ले रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार पछुआ हवा 8 से 18 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही है, जिससे गर्मी का असर और अधिक बढ़ गई है। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 32 से 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। वहीं, डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा की ओर से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक 7 अप्रैल के आसपास मौसम में हल्का बदलाव हो सकता है। इस दौरान गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। 7 अप्रैल को छोड़कर फिलहाल मौसम शुष्क ही बना रहेगा, हालांकि हल्के बादलों की आवाजाही बनी रह सकती है।

# पीएमसीएच के पैथोलॉजी और प्रसूति विभाग में लगी आग

एजेंसी, पटना

पटना मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को पैथोलॉजी विभाग में आग लग गई। घटना दोपहर 12.30 पर हुआ। आग कुछ देर में बुझा दी गई। बताया गया कि शॉर्ट सर्किट से हादसा हुआ था। इस दौरान सामान, मशीनें और कुछ दस्तावेज जलकर खाक हो गए। वहीं दूसरी तरफ PMCH के ही स्त्री एवं प्रसूति विभाग के पुराने भवन में भी आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से ही हादसा हुआ। बताया गया कि समानों की शिफ्टिंग के दौरान स्त्री एवं प्रसूति विभाग में आग लगी थी, जिसे कुछ देर में बुझा लिया गया।

**कमरे से धुआं निकलता देख मची अफरा-तफरी:** बताया जाता है की शुक्रवार की दोपहर साढ़े 12 बजे करीब पैथोलॉजी विभाग के एक कमरे से अचानक धुआं निकलता देखा गया, जिसके बाद वहां मौजूद कर्मचारियों भगदड़ मच गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर 5 से 6 दमकल गाड़ियां पहुंचीं और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आग को फैलने से रोका। करीब कुछ ही देर में आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया।



**कितना नुकसान हुआ, आंकड़ा सामने नहीं आया है:** इस घटना में विभाग के अंदर रखे कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, फाइलें और अन्य उपकरण जलकर राख हो गए हैं। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक लाखों रुपये के सामान के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। हालांकि विस्तृत आकलन के बाद ही वास्तविक नुकसान का आंकड़ा सामने आ पाएगा। पीएमसीएच अधीक्षक प्रो. (डॉ.) राजीव कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया, पैथोलॉजी विभाग का भवन काफी पुराना है। इसी कारण यहां वायरिंग सिस्टम भी पुराना हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की बात सामने आई है। जैसे ही आग लगने की सूचना मिली, विभाग

**फाइलें, मशीन-सामान जलकर राख, दमकल की टीम ने बुझाई, शॉर्ट सर्किट से हादसा**

के द्वारा तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचित किया और मौके पर पहुंची टीम ने स्थिति को नियंत्रण में कर लिया।

**अधीक्षक बोले- सभी लोग सुरक्षित हैं:** उन्होंने बताया कि इस घटना में कुछ फाइलें, टेस्टिंग से संबंधित कुछ उपकरण और केमिकल जलकर खाक हो गई। अधीक्षक ने यह भी स्पष्ट किया कि इस हादसे में किसी प्रकार की कोई जानमाल की क्षति नहीं हुई है सभी लोग सुरक्षित हैं। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन सतर्क हो गया है। भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए अधीक्षक ने अस्पताल परिसर में 24×7 अग्निशमन विभाग की एक गाड़ी तैनात रखने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही पुराने भवनों की वायरिंग और सुरक्षा व्यवस्था की जांच कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## पटना एयरपोर्ट पर हिरासत में संदिग्ध यात्री, बैग से मिले 3 कारतूस



**दिल्ली जाने से पहले पकड़ाया खुद को जदयू नेता बताया**

एजेंसी, पटना

पटना एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। उसकी पहचान फुलवारी शरीफ निवासी सैयद मोहसिन अली के रूप में हुई है। वह Air India की फ्लाइट संख्या 1892 से दिल्ली जाने वाला था। पूछताछ के दौरान सैयद मोहसिन अली ने खुद को जेडीयू का नेता बताया है। फिलहाल पुलिस उससे कारतूस रखने के संबंध में पूछताछ कर रही है।

**स्कैनिंग में मिला कारतूसनः** जानकारी के मुताबिक, बोर्डिंग से पहले जब उसके लगेज की स्कैनिंग की गई, तो उसमें 3 कारतूस पाए गए। इसके बाद एयरपोर्ट सुरक्षा एजेंसियों ने उसे तुरंत हिरासत में लेकर पुलिस के हवाले कर दिया।

**लाइसेंस और दस्तावेज की जांचः** आरोपी को एयरपोर्ट थाना में रखा गया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस ने उससे हथियार के लाइसेंस और संबंधित वैध दस्तावेज मांगे हैं। अधिकारियों का कहना है कि, यदि वह वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**थाने पर लाकर पूछताछ कर रही पुलिसः** एयरपोर्ट थानेदार सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि, प्राथमिक दर्ज करके छानबीन की जा रही है। पूछताछ में मोहसिन अली ने बताया कि उनके भाई को हार्ट की बीमारी है। मेदांता में इलाज चल रहा था और यही से दिल्ली लेकर जा रहे थे। तब तक एयरपोर्ट पर स्कैनिंग के दौरान बैग से कारतूस मिला है। इसके बाद उनके भैया-भाभी को छोड़ दिया गया। इन्हें थाने पर लाकर पूछताछ की जा रही है।

# पटना में गैस क्राइसिस के खिलाफ प्रदर्शन

**मोदी को महंगाई का राक्षस बताया**

एजेंसी, पटना

बिहार में गैस क्राइसिस को लेकर पटना में कांग्रेस नेता प्रदर्शन कर रहे हैं। महिलाओं ने सिलेंडर सड़क पर रखकर उसे माला पहनाकर विरोध जताया। कुछ महिलाएं चूल्हा लेकर पहुंची हैं। सरकार के खिलाफ नारेबाजी हो रही है। बीजेपी हटाओ-देश बचाओ जैसे नारे लग रहे हैं। खाली सिलेंडर-खोखले वादे लिखे पोस्टर लहराए जा रहे हैं।

कार्यकर्ता ढोल-मंजीरे के साथ सड़क पर बैठ गए हैं। महंगाई को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। महंगाई डायन खाय जात है, गाना गा रहे हैं।

पटना के इनकम टैक्स गोलंबर पर यह प्रदर्शन किया जा रहा है। इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम भी शामिल हुए हैं।




**राजेश राम ने कहा- गरीबों को ठगने नहीं दूंगाः** बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि, 'मैं यूं ही गरीबों को ठगने नहीं दूंगा। 1 अप्रैल से बिहार सरकार द्वारा बिजली बिल के दरों में बढ़ोतरी की जा रही है। वहीं, एलपीजी क्राइसिस भी चल रहा है। पहले एलपीजी का मतलब 'लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस' होता था और अब इसका मतलब 'ले पाओगे' है।

# अनंत सिंह का महादंगल- ईरान के पहलवान से मुकाबला शुरू, जीतने वाले को 51 लाख-चांदी का गदा मिलेगा

एजेंसी, पटना

मोकामा से JDU विधायक अनंत सिंह की नदवां गांव में आज यानी शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महादंगल कर रहे हैं। ये महादंगल बाहुबली विवेका पहलवान की पुण्यतिथि पर किया गया है। अनंत सिंह ने विजेता पहलवान को 51 लाख रुपए और चांदी की गदा इनाम में देने का ऐलान किया है। दंगल देखने के लिए अनंत सिंह और उनके छोटे बेटे अभिनव सिंह भी मौजूद हैं। अनंत सिंह ने सिर पर साफा बांध रखा है। अखाड़े में कुश्ती जारी है। लोगों का कहना है कि वो कुश्ती नहीं अनंत सिंह को देखने आए हैं। अनंत सिंह अखाड़े के चारो तरफ घूमकर कुश्ती देख रहे हैं। अखाड़े में ईरान के पहलवान जलाल भी पहुंचे हैं। वो 5 पहलवानों से भिड़ेंगे। इनसे जीतने वाले पहलवान को 15 लाख कैश अलग से दिए जाएंगे।

**सिंगर गुंजन के नारे सुनकर गदगद हुए अनंत सिंहः** दंगल में सिंगर गुंजन सिंह भी पहुंचे। बाहुबली ने उनके गाने पर गमछा लहराया। गुंजन सिंह ने भोजपुरी गना गाया था- देखने में तुमको भले गवार लगते हैं, लेकिन ई गमछा से हम तो रंगदार लगते हैं। इस पर आसपास के लोग भी



झूमने लगे और गमछा हिलाने लगे। ग्राउंड में 10 हजार के करीब लोग मौजूद हैं। बाहर से आए दर्शकों के लिए भोज का भी इंतजाम किया गया है।

**जेल से बाहर आने के बाद पहला बड़ा आयोजनः** यह पूरा आयोजन अनंत सिंह की देखरेख में हो रहा है। दुलारचंद यादव हत्याकांड में पटना हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद वे पिछले सप्ताह ही बेऊर जेल से बाहर आए हैं। जेल से बाहर आने के बाद यह उनका पहला बड़ा सार्वजनिक आयोजन माना जा रहा है, इसलिए इसकी चर्चा और भी ज्यादा हो रही है। अनंत सिंह खुद पूरे आयोजन पर नजर बनाए हैं।

दंगल की दुनिया में विवेका पहलवान, जिनका असली नाम विवेक सिंह था, एक बड़ा नाम रहे

**सिंगर गुंजन के साथ बाहुबली ने लहराया गमछा**

हैं। वह बिहार केसरी का खिताब जीत चुके थे और अपनी सख्त दिनचर्या के लिए जाने जाते थे। उनके भाई अरविंद पहलवान के मुताबिक, विवेका रोजाना करीब 5 लीटर दूध पीते थे। उनकी डाइट में बादाम का हलवा, शरबत शामिल रहता था। वे रोज हजारों दंड-बैठक लगाते थे और करीब 10 किलोमीटर दौड़ते थे। उनकी इसी मेहनत ने उन्हें बड़ा पहलवान बनाया।

एक समय ऐसा भी था, जब अनंत सिंह और विवेका पहलवान के बीच वर्चस्व को लेकर खूनी संघर्ष हुआ करता था। मोकामा और बाढ़ के टाल इलाके में दोनों का दबदबा था। करीब ढाई-तीन दशक तक चले गैंगवार में दोनों पक्षों के कई लोग मारे गए। साल 2009 में विवेका पहलवान की ओर से अनंत सिंह के घर पर हमला हुआ था, जिसमें अनंत सिंह को गोली लगी थी, हालांकि उनकी जान बच गई थी। बताया जाता है कि दोनों गोतिया भाई थे, लेकिन समय के साथ उनकी दुश्मनी खत्म हो गई और रिश्ते सामान्य हो गए थे।

# टीटीई के वेश में यात्रियों की सामान चोरी करता था, गिरफ्तार, दानापुर जीआरपी ने पकड़ा

एजेंसी, पटना

दानापुर जीआरपी ने ट्रेन में टीटीई (ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर) का वेश धारण कर यात्रियों का सामान चुराने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बक्सर जिले के डुमरांव थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर निवासी विष्णु पांडेय के पुत्र रामनरेश पांडेय के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से तीन मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल और 20 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। इस संबंध में रेल डीएसपी कंचन राज ने जानकारी दी।

**नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस में चोरी की शिकायत हुई थीः** यह कार्रवाई 1 अप्रैल को न्यू जलपाईगुड़ी से आनंद विहार टर्मिनल जा रही नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस में हुई चोरी की शिकायत के बाद की गई। ट्रेन के ए1 कोच में यात्रा कर रहे संजीव कुमार गुप्ता ने दानापुर रेल थाना में अपने पर्स से मोबाइल और नगदी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए दानापुर जीआरपी थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन



किया गया। जांच के दौरान, प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर लगे सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति टीटीई के वेश में संदिग्ध रूप से ट्रेन से उतरता हुआ दिखाई दिया।

**ट्रेन के नीचे से दूसरी लाइन की ओर भागा थाः** वह व्यक्ति ट्रेन के नीचे से दूसरी लाइन की ओर जाते हुए भी देखा गया, जिससे पुलिस का शक गहरा गया। आरोपी सीसीटीवी में दिखने के बाद एक एक्सप्रेस ट्रेन पकड़कर आरा की ओर भाग गया पुलिस ने आरा जीआरपी से संपर्क किया और तकनीकी टीम की मदद से उसके घर पर

**20 हजार कैश बरामद, नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस में हुई थी चोरी**

छापेमारी की, लेकिन वह फरार मिला। बाद में उसका लोकेशन पटना के करबिगहिया में मिला, जहां छापेमारी से पहले ही वह फिर भाग निकला। लगातार प्रयासों और तकनीकी निगरानी के बाद पुलिस ने उसे आरा के कायम नगर से गिरफ्तार कर लिया।

**गिरफ्तार आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहासः** पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी रामनरेश पाण्डेय का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी चार बार जेल जा चुका है। उस पर आरा नवादा में सोना तस्करी और डीडीयू में ड्रग्स स्मगलिंग सहित कई मामलों में संलिप्त रहने का आरोप है। उसकी पत्नी भी इसी तरह के अपराधों में शामिल रही है और वह भी जेल जा चुकी है। फिलहाल, आरोपी से पूछताछ जारी है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

# महिला आयोग में लड़के ने भरी लड़की की मांग

एजेंसी, पटना

पटना में बिहार राज्य महिला आयोग के दफ्तर में एक अनोखी शादी देखने को मिली, जहां परिवार के विरोध के बीच एक जोड़े ने सबके सामने विवाह रचा लिया। करीब 2 घंटे तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद लड़के ने आयोग के सामने ही लड़की की मांग में सिंदूर भर दिया। इस दौरान स्थिति को संभालने के लिए डायल 112 की टीम को भी बुलाना पड़ा। आयोग की अध्यक्ष प्रो. अप्सरा मिश्रा और सदस्यों की मौजूदगी में इस शादी को मान्यता दी गई। जानकारी के अनुसार, दोनों ने 2 जुलाई 2025 को पटना सिटी कोर्ट में तीन गवाहों की मौजूदगी में कोर्ट मैरेज कर ली थी। बावजूद इसके, लड़के का परिवार इस रिश्ते को स्वीकार नहीं कर रहा था।

**खाजेकला में रहते हैं दोनोंः**



मामला खाजेकला थाना क्षेत्र का है। लड़का पटना के खाजेकला का निवासी है। वहीं, लड़की संपतचक की निवासी है। जानकारी के मुताबिक, बजपन में लड़की के दादा का देहांत होने के बाद उनके चाचा प्रॉपर्टी हड़प कर गए। तब से पटना के ही अलग-अलग जगह पर किराए के घर में ही रह रही है। आवेदिका ने बताया कि, 'करीब ढाई साल पहले मैं अपने परिवार के साथ किराएदार के रूप में लड़के के यहां रहने आई थी। इसी दौरान हम एक-दूसरे को पसंद करने लगे और 6 महीने बाद ही हम दोनों ने एक दूसरे से प्यार का इजहार किया।

# पटना में मीठापुर मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य तेज

एजेंसी, पटना

पटना मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है। भूतनाथ से लेकर मलाही पकड़ी तक ट्रायल रन किया जा चुका है। अब बस कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी और फायर का सर्टिफिकेट मिलना बाकी है। दूसरी ओर खेमनीचक से मीठापुर के बीच मेट्रो का परिचालन एलिवेटेड ट्रैक पर किया जाएगा। इसे लेकर मीठापुर के पास काम में तेजी लाई गई है। मीठापुर मेट्रो स्टेशन निर्माण स्थल पर पीयर के गार्डर लगाए जा रहे हैं। सभी गार्डर को जोड़कर एक लगातार डेक तैयार किया जा रहा है। मीठापुर मेट्रो स्टेशन निर्माण स्थल पर पीयर के गार्डर लगाए जा रहे हैं।

मीठापुर के पास ढांचा पहले ही बनकर तैयार हो गया था। अब सेगमेंटल तरीके से जोड़कर लंबा एलिवेटेड ट्रैक बनाया जा रहा है।




फिर मेट्रो ट्रैक, स्लीपर और बिजली की लाइन लगाई जाएगी। साथ ही सिग्नल सिस्टम और सुरक्षा बैरियर लगाए जाएंगे। इस रूट पर कई जगहों पर तीखे मोड़ बनाए गए हैं। इस तरह के काम इंजीनियरिंग के लिहाज से काफी चुनौतीपूर्ण माने जाते हैं। इसके बनने के बाद इस रूट पर खेमनीचक से सीधे जगनपुरा, रामकृष्णा नगर और मीठापुर जैसे प्रमुख स्टेशनों तक पहुंचने और वहां से चढ़ने-उतरने की सुविधा मिलेगी। मीठापुर मेट्रो स्टेशन पटना के न्यू एजुकेशन हब के लिए लाइफलाइन साबित होगा।

# तेजस्वी की इंग्लिश स्पीच पर बीजेपी का ग्रामर ज्ञान, कहा- उनकी अंग्रेजी नौवीं फेल अंग्रेजी

एजेंसी, पटना

बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के केरल दौरे के दौरान दिए गए बयान को लेकर बिहार की राजनीति गरमाई हुई है। केरल में एक कार्यक्रम के दौरान तेजस्वी यादव ने अंग्रेज़ी में कहा-"I have come from Bihar state, which is the poorest state of the country"। तेजस्वी यादव के इस बयान को भाजपा ने इसे मुद्दा बना लिया और भाषा से लेकर बिहार की छवि तक पर सवाल उठाते हुए उन पर तीखा हमला बोला।

**भाजपा का हमला- 'पहले अंग्रेज़ी और ग्रामर सुधारिए':** भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स



पर पोस्ट करते हुए तेजस्वी यादव के बयान पर तंज कसा है। उन्होंने लिखा कि "Bihar state" कहना गलत और अनावश्यक है, क्योंकि बिहार खुद एक राज्य है। साथ ही "I have come from" के प्रयोग को भी गलत बताते हुए उन्होंने कहा कि सही वाक्य "I am from Bihar" या "I come from Bihar" होना चाहिए। नीरज कुमार ने कटाक्ष करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव की अंग्रेज़ी "नवमी

**राजद बोला- भाजपा के नेता तेजस्वी फोबिया से ग्रसित हैं**

फेल स्तर" की है और वे बिहार को "poorest state" बताकर उसकी छवि खराब कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा बिहार को "poorest से richest" बनाने के लिए काम कर रही है।

**राजद का पलटवार- 'भाजपा असली मुद्दों से भटका रही':** भाजपा के हमले पर राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता "अनर्गल बयानबाज़ी" कर रहे हैं और वे "तेजस्वी फोबिया" से ग्रसित हैं। एजाज अहमद ने आरोप लगाया कि बिहार की मौजूदा स्थिति के लिए डबल इंजन सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार, लूट और अव्यवस्था का माहौल है, विकास योजनाएं जमीन पर नजर नहीं आ रही हैं और सरकार ने खजाना खाली कर दिया है। भाजपा भाषा और व्याकरण के मुद्दे उठाकर असली समस्याओं से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।

**केरल में क्या बोले तेजस्वी यादवः** केरल में आयोजित एक राजनीतिक कार्यक्रम के दौरान तेजस्वी यादव ने बिहार की वर्तमान सामाजिक-आर्थिक स्थिति का जिक्र करते हुए राज्य को देश का "सबसे गरीब राज्य" बताया। जबकि केरल स्वास्थ्य और शिक्षा में शीर्ष पर है।' उन्होंने बिहार को केरल से सीखने की सलाह दी।

## संक्षिप्त समाचार

### टैक्स वृद्धि व ड्राइवरों पर बढ़ते जुल्म के खिलाफ सीटू का प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त से करेगा वार्ता

**बीएनएम @ मोतिहारी**। सीटू सब कमेटी की बैठक कामरेड शक्ति नाथ तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को संपन्न हुई। उक्त बैठक में नगर आयुक्त द्वारा की गई टैक्स वृद्धि, सीएनजी एवं एलपीजी गैस की बढ़ती कीमतों, रैन बसेरा की समस्याओं तथा ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों पर बढ़ते जुल्म के मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई। वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि इन सभी समस्याओं के समाधान हेतु सीटू का एक प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त से मुलाकात करेगा और सम्मानजनक वार्ता के माध्यम से समस्याओं के निराकरण की मांग करेगा। वक्ताओं ने कहा कि यदि वार्ता सकारात्मक नहीं होती है, तो मोतिहारी जिला ऑटो एवं ई-रिक्शा चालक संघ, पूर्वी चंपारण, आंदोलनात्मक एवं प्रतिरोधात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार एवं प्रशासन की होगी। बैठक में जिला मंत्री कामरेड सतेंद्र मिश्री, ऑटो एवं ई-रिक्शा चालक संघ के जिला अध्यक्ष कामरेड संजय गुप्ता, एसएसआर के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अविनाश कुमार तथा सफाई कर्मचारी नेता कामरेड बिपीन बिहारी दुबे सहित अन्य साथियों की उपस्थिति रही।

### शराबबंदी कानून के उल्लंघन में 17 गिरफ्तार, जिलेभर में पुलिस का विशेष अभियान

**बीएनएम @ मोतिहारी**। जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और शराबबंदी कानून के सख्त अनुपालन को लेकर चलाए जा रहे विशेष समकालीन अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शराब सेवन के आरोप में गिरफ्तारियां की गई हैं। इनमें पिपराकोठी थाना क्षेत्र से 11 लोग, अरेराज थाना क्षेत्र से 3 लोग और आदापुर थाना क्षेत्र से 3 लोग शामिल हैं। सभी गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### विशेष समकालीन अभियान में शराब कारोबारी गिरफ्तार, 10 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद

**बीएनएम @ मोतिहारी**। जिले में चलाए जा रहे विशेष समकालीन अभियान के तहत शराब और शराब कारोबारियों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में फेनहारा थाना पुलिस ने हॉटस्पॉट क्षेत्र रुपौलिया मुसहरी टोला में छापेमारी कर 10 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मधु मुखिया (पिता–सूरज मुखिया), निवासी–कालुपकड़, थाना–फेनहारा, जिला–पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके विरुद्ध आवश्यक विधिसम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपी मधु मुखिया का आपराधिक इतिहास भी रहा है। वह पूर्व में भी कई बार उत्पाद अधिनियम के मामलों में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ फेनहारा थाना कांड संख्या 204/22, 29/22 और 177/25 दर्ज हैं।

### अरेराज उत्पाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मठलोहियार में छापेमारी कर चार गिरफ्तार



**बीएनएम @अरेराज**। पूर्वी चंपारण जिले के अरेराज अनुमंडल क्षेत्र में उत्पाद विभाग ने शराबबंदी कानून के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। यह छापेमारी उत्पाद थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार के नेतृत्व में हरसिद्धि थाना क्षेत्र के मठलोहियार गांव में की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में समसुदिन अंसारी (मटियरिया सिवान टोला), अरविन्द कुमार (पकड़िया), अखिलेश कुमार (मठलोहियार मलाही टोला) तथा अवध किशोर यादव उर्फ भगत राय (मंगलपुर हुसैनी, थाना केसरिया) शामिल हैं। उत्पाद विभाग की टीम ने सभी आरोपियों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 (संशोधित 2022) की धारा 37 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस छापेमारी अभियान में एएसआई उत्पल कुमार, अजीत कुमार सिंह के साथ उत्पाद सिपाही कनक लाल यादव, आकाश राज, राजन कुमार, झुल्फी प्रसाद, नथुनी यादव और शिव शंकर बैठा सक्रिय रूप से शामिल रहे। उत्पाद विभाग की इस त्वरित और सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है। वहीं आम लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की है।

### मेधावी छात्रों का सम्मानः पदुमकेर पंचायत में भव्य समारोह, 75 छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित



**बीएनएम @ पताही**। पताही प्रखंड अंतर्गत पदुमकेर पंचायत में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पंचायत की मुखिया निधि कुमारी ने किया, जिसमें मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ. विमल कुमार ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सम्मान समारोह से छात्रों का मनोबल बढ़ता है और वे भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। इस दौरान कुल 75 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। वहीं अभिभावकों और ग्रामीणों में भी गर्व और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में पूर्व शिक्षक मुरलीधर झा, शिक्षक भाग्य नारायण झा, मुखिया प्रतिनिधि सरोज सिंह, संजय सिंह (रंगपुर), रोहित राम, कन्हैया ठाकुर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# गौरव और उत्कृष्टता का उत्सवः आज होगा एमजीसीयू का तृतीय दीक्षांत समारोह

» उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन की गरिमामयी उपस्थिति में विद्यार्थियों को की जाएगी उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्रदान

» कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव के तीन वर्षों का परिवर्तनकारी नेतृत्व, उपलब्धियों की नई ऊंचाइयों का प्रमाण




बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी**। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी में आज 4 अप्रैल, शनिवार को तृतीय दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस गरिमामय अवसर पर भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जिनकी उपस्थिति समारोह को विशिष्ट गरिमा और राष्ट्रीय प्रतिष्ठा प्रदान करेगी। समारोह में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, स्थानीय सांसद राधा मोहन सिंह तथा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महेश शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति भी सुनिश्चित है। साथ ही, शैक्षणिक परिषद एवं कार्यकारी परिषद के सदस्यगण भी इस दीक्षांत समारोह का अभिन्न अंग होंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। यह समारोह न केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति और शैक्षिक उत्कृष्टता का प्रतीक भी है। विशेष उल्लेखनीय है कि यह तृतीय दीक्षांत समारोह कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव के सफल तीन वर्षीय कार्यकाल की पूर्णता के साथ संपन्न हो रहा है। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने बीते वर्षों में बहुआयामी विकास की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शैक्षणिक नवाचार, 'भारतीय ज्ञान परंपरा' के संवर्धन हेतु केंद्र की स्थापना तथा 100 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन विश्वविद्यालय को एक सशक्त बौद्धिक केंद्र के रूप में स्थापित करता है। आधारभूत संरचना के क्षेत्र में विश्वविद्यालय को अतिरिक्त भूमि प्राप्त होना, स्थायी परिसर निर्माण की दिशा में ठोस प्रगति, आधुनिक छात्रावास एवं अधोसंरचनात्मक सुविधाओं का विस्तार इस विकास यात्रा के प्रमुख आयाम हैं। वहीं, 'समर्थ' ई-शासन प्रणाली, डिजिटल सेवाओं का विस्तार तथा शोध की पारदर्शी प्रक्रियाओं ने प्रशासनिक दक्षता को नई दिशा दी है। शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपलब्धियाँ, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ शैक्षणिक समझौते तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त सम्मान विश्वविद्यालय की उन्नत होती प्रतिष्ठा को रेखांकित करते हैं।

इस प्रकार, तृतीय दीक्षांत समारोह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, संकल्पों और उज्ज्वल भविष्य की सामूहिक अभिव्यक्ति है, जो कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक सुदृढ़ शैक्षिक दृष्टि को साकार करता है।

## रामगढ़वा में बड़ी शराब बरामदगी, दो तस्कर गिरफ्तार

» 34.2 और 22.1 लीटर शराब के साथ पुलिस ने दबोचा, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

बीएनएम @रामगढ़वा @ विजय कुमार




**रामगढ़वा**। शराबबंदी कानून के तहत चलाए जा रहे अभियान में रामगढ़वा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। शुक्रवार को थाना कांड संख्या 182/26 के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार साह ने बताया कि पहली कार्रवाई में अरविंद कुमार चौरसिया (32 वर्ष), पिता लक्ष्मण भगत, निवासी कैथवलिया थाना सुगौली, पूर्वी चंपारण को ग्राम पिपरपाती चौक से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 300-300 एमएल की कस्तूरी निंबू फ्रेश नेपाली देशी शराब की 14 बोतलें, यानी कुल 4.2 लीटर, तथा 5-5 लीटर की देशी चुलाई शराब के 6 पैकेट, यानी 30 लीटर बरामद किए गए। इस तरह कुल 34.2 लीटर शराब जब्त की गई। दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने गणेश प्रसाद उर्फ गणेश पटेल, पिता नागेंद्र राउत, निवासी रघुनाथपुर थाना रामगढ़वा, पूर्वी चंपारण को उसके गांव रघुनाथपुर से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 300-300 एमएल की 7 बोतल नेपाली देशी शराब, यानी 2.1 लीटर, और 5-5 लीटर के 5 पैकेट देशी चुलाई शराब, यानी 25 लीटर बरामद हुए। कुल मिलाकर उसके पास से 22.1 लीटर शराब जब्त की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## ज्ञान भारती कोचिंग सेंटर के मेधावियों का जलवा, 17 छात्रों ने 400 से अधिक अंक लाकर बढ़ाया मान

बीएनएम @पताही



**पताही**। प्रखंड मुख्यालय स्थित ज्ञान भारती कोचिंग सेंटर में मैट्रिक परीक्षा में ऐतिहासिक सफलता हासिल करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के व्यवस्थापक सह चर्चित शिक्षक अजय कुमार पांडेय एवं सहायक शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस वर्ष की मैट्रिक परीक्षा में कोचिंग की छात्रा समृद्धि कौशिक और ज्योति कुमारी ने 464-464 अंक प्राप्त कर संस्थान में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मीनाक्षी कुमारी (460), सक्षम कुमार (457), खुशी कुमारी (455), रिशु कुमारी (452), दीपक कुमार गुप्ता (435), अरुणिका प्रकाश (433) और सपना कुमारी (430) सहित कुल 17 विद्यार्थियों ने 400 से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान और क्षेत्र का मान बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय व्यवस्थापक अजय पांडेय के साथ-साथ शिक्षकों की पूरी टीम को दिया। इस मौके पर अभिमन्यु सर, मदन सर, रमेश सर, मुन्ना सर, अविनाश सर, आकाश सर और मधुसूदन सर मौजूद रहे। अभिभावकों ने शिक्षकों की इस टीम को प्रखंड की सबसे समर्पित और मेहनती टीम बताया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अजय कुमार पांडेय ने कहा कि केवल परीक्षा में सफलता प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि शिक्षा के माध्यम से माता-पिता के सपनों को साकार करना ही असली उपलब्धि है। उन्होंने परसौनी की अंकिता और नवनीत जैसे छात्रों का उदाहरण देते हुए कहा कि निरंतर मेहनत और अनुशासन से ही उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव है।

# जिले के 26 हृदय रोग से ग्रसित बच्चे बेहतर ईलाज हेतु एम्बुलेंस से पटना रवाना

**"ईको" जांच हेतु दिनांक 4 एवं 5 अप्रैल 26 को निशुल्क जांच शिविर का हो रहा है आयोजन**

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। राज्य स्वास्थ्य समिति पटना के सौजन्य से श्री सत्य साई अस्पताल अहमदाबाद के चिकित्सकों द्वारा आईजीआईसी पटना मे बाल हृदय रोगियों की "ईको" जांच हेतु दिनांक 4 एवं 5 अप्रैल 26 को निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है है। इस शिविर में बिहार के सभी जिलों से बाल हृदय रोगी ईको जांच हेतु जा रहें हैं जिनमे सदर अस्पताल मोतिहारी से 26 बाल हृदय रोगियों को अपने परिजनों के साथ 11 एंबुलेंस द्वारा हरी झंडी दिखाकर सिविल सर्जन डॉ दिलीप कुमार द्वारा आई जीआई सी, पटना हेतु रवाना किया गया।जिले के सिविल सर्जन डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि ईको जांच में बीमार पाए गए बच्चों को बिहार सरकार अपने खर्चे पर हवाई जहाज द्वारा उनके परिजनों के साथ, श्री सत्य साई अस्पताल अहमदाबाद भेजकर उनकी निशुल्क शल्य चिकित्सा कराएगी। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया मरीजों को आंगनबाड़ी एवं विद्यालयों से चिन्हित कर आरबीएसके चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल भेजा जाता है। डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना अंतर्गत अबतक पूर्वी चम्पारण के 163 बच्चों की सफलता पूर्वक निशुल्क सर्जरी कराई जा चुकी है, सभी बच्चे अब स्वच्छ हैं एवं खुशहाल जीवन जी रहें हैं। आरबीएसके डीसी डॉ. शशि मिश्रा ने बताया कि आज जिन बच्चों को भेजा जा रहा है उनमे मोतिहारी से 7, केसरिया से 9, पकड़ीदयाल से 2, बंजरिया में 2, हरसिद्धि से 2, चकिया, पहाड़पुर, कोटवा और आदापुर से एक-एक बच्चे को भेजा जा रहा है। जिले के आरबीएसके डीसी डॉ शशि मिश्रा ने कहा की टीम के 3 फार्मासिष्ट मो अताउर रहमान, मो शमीम एवं दीलीप कुमार को भी बच्चों व अभिभावकों के साथ भेजा जा रहा है।

## रामगढ़वा में नवनिर्मित स्पीड ब्रेकर बना जानलेवा, बाइक पलटने से कपड़ा व्यवसायी की मौत

बीएनएम @रामगढ़वा @ विजय कुमार

**रामगढ़वा**। रामगढ़वा थाना के ठीक सामने बने स्पीड ब्रेकर ने गुरुवार की रात एक युवा व्यवसायी की जान ले ली। ब्रेकर पार करने के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे सवार युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान नरकटियागंज निवासी तुलसी पंडित के पुत्र नरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। वह अविवाहित थे और पिछले कुछ समय से रामगढ़वा के गोला रोड में किराये के मकान में रहकर अपना व्यवसाय चला रहे थे। बताया जाता है कि नरेंद्र कुमार गोला रोड में 'चार्ली चॉइस' नाम से रेडीमेड कपड़ों की दुकान संचालित करते थे। गुरुवार रात वह किसी काम से बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान थाना के सामने बने स्पीड ब्रेकर को पार करते समय उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़े। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। एक मिलनसार और युवा व्यवसायी की असमय मौत से पूरे गोला रोड इलाके में शोक की लहर है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने थाना के सामने बने ब्रेकर की ऊंचाई और निर्माण गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए हैं।

# ड्यूटी से नदारद सीएचओ, ताला बंद मिला हेल्थ सेंटर — डीपीएम ने दिए जांच के आदेश


बीएनएम @ पताही




**पताही**। पताही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पदमुकेर में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति सामने आई है। यहां तैनात सीएचओ सबिता कुमारी पर सरकारी नियमों की अनदेखी और ड्यूटी में लापरवाही का गंभीर आरोप लगा है। सरकारी निर्देश के अनुसार सेंटर का संचालन प्रतिदिन सुबह 9 बजे से अनिवार्य है, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सीएचओ के आने-जाने का कोई निश्चित समय नहीं है। कई बार सेंटर पूरी तरह बंद रहता है, जिससे मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ता है। ग्रामीणों की लगातार शिकायत के बाद जब बॉर्डर न्यूज मिरर की टीम मौके पर पहुंची, तो हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर ताला लटका मिला। इस दृश्य ने ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की जमीनी हकीकत को उजागर कर दिया और संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए। जानकारी के अनुसार, हाल ही में सीएचओ सबिता कुमारी ने जिला स्तर पर हो रही वीडियो कॉल मॉनिटरिंग को लेकर मानसिक दबाव का आरोप लगाते हुए एक पत्र भी लिखा था। हालांकि, मौके की स्थिति इससे अलग कहानी बयां कर रही है। वहीं, इस पूरे मामले पर डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ड्यूटी में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि संबंधित सीएचओ के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर मोतिहारी में ट्रैफिक प्लान लागू, 39 ड्रॉप गेट बनाए गए

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने शहर में विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू कर दी है। यह व्यवस्था 03 अप्रैल की मध्यरात्रि से 04 अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और अनावश्यक यात्रा से बचें। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए कई प्रमुख मार्गों पर डायवर्जन किया गया है। बरियारपुर से कचहरी चौक आने वाले वाहनों को छतौनी मार्ग से भेजा जाएगा। चीनी मिल और रॉमसन प्लाजा से कचहरी चौक आने वाले वाहनों को बरियारपुर की ओर मोड़ा गया है। इसी तरह रघुनाथपुर से बलुआ चौक आने वाले वाहन चांदमारी मार्ग से गुजरेंगे। छतौनी से रेलवे स्टेशन जाने वाले वाहनों के लिए अटल चौक–मरीन ड्राइव–जानपुल मार्ग तय किया गया है। वहीं सदर अस्पताल की ओर जाने वाले वाहनों को गायत्री मंदिर के पास से वैकल्पिक रास्ता दिया गया है। रेलवे स्टेशन से बरखा पार्क आने वाले वाहनों को पटेल चौक–चांदमारी–सिंघिया गुमटी मार्ग से भेजा जाएगा। स्टेशन पहुंचने के लिए जानपुल चौक, अवधेश चौक और छतौनी चौक का वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम को लेकर पार्किंग की भी अलग व्यवस्था की गई है। प्रेक्षागृह परिसर को केवल वीवीआईपी वाहनों के लिए आरक्षित रखा गया है। गांधी मैदान (लुम्बिनी भवन के सामने) में बड़े वाहनों तथा जज कॉलोनी कैंपस के खाली मैदान में छोटे वाहनों की पार्किंग होगी। प्रवेश व्यवस्था के तहत गेट संख्या-1 वीवीआईपी और कारकेड के लिए तथा गेट संख्या-2 आम लोगों के लिए निर्धारित किया गया है। सुरक्षा और यातायात नियंत्रण के लिए शहर के संवेदनशील इलाकों में कुल 39 ड्रॉप गेट बनाए गए हैं। इनमें कचहरी चौक, पुलिस लाइन, समाहरणालय, बलुआ फ्लाईओवर, जज कॉलोनी, एलएनडी कॉलेज, चरखा पार्क, सदर अस्पताल, स्टेशन रोड, फूल मंडी, अटल चौक और मोतिझील पुल जैसे प्रमुख स्थान शामिल हैं।

# तुरकौलिया जहरीली शराब कांडः मौतों का आंकड़ा 5 पहुंचा, आधा दर्जन से अधिक इलाजरत, थानाध्यक्ष निलंबित, चौकीदार हिरासत में

बीएनएम @ तुरकौलिया

**तुरकौलिया।** थाना क्षेत्र में जहरीली शराब कांड ने भयावह रूप ले लिया है। शुक्रवार तक इस घटना में 5 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती होकर इलाजरत हैं। सभी पीड़ितों में एक जैसे लक्षण पाए गए हैं—आंखों से धुंधला दिखना, शरीर में बेचैनी और पेट में गैस की शिकायत। मृतकों में गदरिया के प्रमोद यादव, शंकरसरैया-परसौना के परीक्षण मांझी, बालगंगा के संपत साह और हरदिया के हीरालाल भगत शामिल हैं। इसके अलावा एक अन्य पीड़ित की भी मौत की पुष्टि हुई है। गदरिया निवासी प्रमोद यादव साइकिल से दूध बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रात में उनकी मौत हो गई। परिवार में दो पुत्र अमित कुमार, अजीत कुमार और एक पुत्री जुही कुमारी है। वहीं, परसौना के 45 वर्षीय परीक्षण मांझी को बेचैनी होने पर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। वे मजदूरी कर परिवार चलाते थे। उनकी पत्नी सबरी देवी ने बताया कि वे कहीं से शराब पीकर घर लौटे थे, जिसके बाद अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिवार में पुत्र-पुत्रियां हैं, जिनमें एक बेटी की शादी अगले माह मई में पकड़ीदयाल में तय थी। बालगंगा निवासी 40 वर्षीय संपत साह की मौत एसकेएमसीएच, मुजफ्फरपुर में हुई। वे पालदारी का काम करते थे। परिवार में दो बेटियां और दो बेटे हैं। इसी तरह हरदिया के हीरालाल भगत, जो मजदूरी करते थे, गैस और बेचैनी बढ़ने पर अस्पताल में भर्ती कराए गए, जहां उनकी मौत हो गई। उनके परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है। घटना में अभी भी अशोक यादव, टूनटून यादव, दिनेश यादव, रावण यादव, उमेश राम समेत कई लोग अस्पताल में इलाजरत हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी हर किशोर राय, एसपी और डीएम तुरकौलिया थाना पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। डीआईजी ने बताया कि मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी को निलंबित कर दिया गया है। वहीं परसौना के चौकीदार भरत राम को भी निलंबित कर हिरासत में लिया गया है।




## जहरीली शराब परोसने वाला आरोपी नागा गिरफ्तार

बीएनएम @ तुरकौलिया

**तुरकौलिया।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए परसौना निवासी नागा यादव को गिरफ्तार कर लिया है, जिस पर जहरीली शराब परोसने का आरोप है। इसके अलावा हरदिया के जम्मू बैठा को भी गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि इन्हीं के पास बैठकर लोगों ने शराब पी थी। वहीं बालगंगा में शराब परोसने वाले अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। इसके अलावा पुलिस ने इस मामले में करीब एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि जहरीली शराब की डिलीवरी किन-किन जगहों पर हुई थी। साथ ही मृतकों के घर पहुंचकर परिजनों से यह जानकारी जुटाई जा रही है कि शराब कहां और किसके पास पी गई थी।

## डीआईजी-डीएम-एसपी ने थाना पहुंच की मामले की समीक्षा

बीएनएम @ तुरकौलिया

**तुरकौलिया।** जहरीली शराब पीने से हुई मौतों के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए चंपारण रेंज के डीआईजी हरिकिशोर राय, डीएम सौरभ जोरवाल और एसपी स्वर्ण प्रभात तुरकौलिया थाना पहुंचे, जहां पूरे घटनाक्रम के सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। डीआईजी हरिकिशोर राय ने बताया कि स्प्रिट मिश्रित शराब पीने से अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं कुछ लोगों की आंखों की रोशनी जाने की भी सूचना है। हालांकि कई लोग इलाज के बाद स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं। उन्होंने कहा कि स्प्रिट से शराब तैयार की गई थी, जिससे वह जहरीली हो गई। इस मामले में गंभीर चूक हुई है और सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच की जा रही है। डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों को शराब तस्करों की शीघ्र गिरफ्तारी और अवैध शराब की बरामदगी के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि इस कांड में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।



## स्वास्थ्य विभाग भी हुआ एक्टिव, बालगंगा और परसौना में मेडिकल कैंप

बीएनएम @ तुरकौलिया

**तुरकौलिया।** जहरीली शराब कांड के बाद स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह सक्रिय हो गया है। तुरकौलिया सीएचसी से दो मेडिकल टीमों को बालगंगा और परसौना में कैंप करने के लिए तैनात किया गया है। यह अभियान सीएचसी प्रभारी डॉ. अर्जुन गुप्ता के नेतृत्व में चल रहा है, जबकि इसकी मॉनिटरिंग बीडीओ द्वारा की जा रही है। सदर एसडीएम ने भी मौके पर पहुंचकर मेडिकल टीम से स्थिति की जानकारी ली। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि अब तक दो लोग जांच के लिए कैंप में पहुंचे, जिन्हें जांच के बाद आवश्यक दवा उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने में जुटी हैं। वे ग्रामीणों को जहरीली शराब के दुष्प्रभाव, शुरुआती लक्षण और समय पर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचने की सलाह दे रही हैं। मेडिकल कैंप में बीएचएम, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. चंद्रभूषण प्रसाद, डॉ. मधूप कुमार, डॉ. श्वेता तथा एएनएम अनिता कुमारी समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। जहरीली शराब कांड के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त सक्रियता से प्रभावित गांवों में राहत और निगरानी अभियान तेज कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिना स्पष्ट 'स्टे ऑर्डर' के नहीं रुकेगा दाखिल-खारिज

**केवल सक्षम कोर्ट के आदेश पर ही रुकेगी प्रक्रिया**




**बीएनएम @पटना।** बिहार सरकार ने भूमि सुधार की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाते हुए दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और त्वरित बना दिया है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के अनुसार, अब राजस्व अधिकारी "सक्षम न्यायालय" और "लंबित" जैसे शब्दों की आड़ में फाइलों को बेवजह नहीं लटका सकेंगे। विभाग ने इन शब्दों की सटीक परिभाषा तय कर दी है, जिससे भ्रष्टाचार और अनावश्यक देरी पर लगाम लगेगी।नई व्यवस्था के तहत, अब केवल आवेदन या आपत्ति दर्ज होने मात्र से किसी मामले को लंबित नहीं माना जाएगा। "लंबित" श्रेणी में केवल वही मामले आएंगे जिनमें किसी अधिकृत न्यायालय द्वारा विधिवत संज्ञान लिया गया हो, नोटिस जारी हुआ हो या कोई स्पष्ट स्टे ऑर्डर प्रभावी हो। "सक्षम न्यायालय" के दायरे को भी स्पष्ट करते हुए सिविल कोर्ट, हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट के साथ-साथ डीसीएलआर, डीएम, कमिश्नर और बिहार भूमि न्यायाधिकरण को इसमें शामिल किया गया है।सरकार के इस फैसले से उन वास्तविक खरीदारों को बड़ी राहत मिलेगी जो अब तक अस्पष्ट नियमों के कारण अदालती चक्कर काटने को मजबूर थे। उपमुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश दिया है कि जहाँ कोई स्थगन आदेश नहीं है, वहाँ राजस्व अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से म्यूटेशन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। यह कदम जमीन विवादों को कम करने और जवाबदेही तय करने में मील का पत्थर साबित होगा।

### मोतिहारी में मातम के बीच शुरू हुई राजनीतिक बयानबाजी

**शराब कांड को लेकर तेजस्वी ने सरकार को घेरा**



**बीएनएम @ पटना।** मोतिहारी के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बालगंगा गांव में संदिग्ध जहरीली शराब के सेवन से चार लोगों की मौत ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। इस घटना ने बिहार में शराबबंदी के दावों पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, 1 अप्रैल की रात लगभग 30-40 ग्रामीणों ने कथित रूप से स्प्रिट से बनी अवैध शराब पी थी, जिसके बाद अचानक दर्जनों लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। मृतकों की पहचान प्रमोद यादव, परीक्षण महतो और हीरा लाल महतो के रूप में हुई है, जबकि एक अन्य व्यक्ति का आनन-फानन में अंतिम संस्कार कर दिया गया।भयावह बात यह है कि इस कांड में कई लोगों ने अपनी आंखों की रोशनी खो दी है, और आधा दर्जन से अधिक लोग अस्पताल में जीवन-मौत के बीच जूझ रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुँचकर जांच शुरू कर दी है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही करने की बात कही जा रही है।इस त्रासदी ने राज्य के राजनीतिक तापमान को भी बढ़ा दिया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस घटना को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे शराबबंदी की पूर्ण विफलता करार देते हुए आरोप लगाया कि प्रशासन की नाक के नीचे अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा है। विपक्ष ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे की पुरजोर मांग की है।

### पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर मिलेगा गैस सिलेंडर

**बीएनएम @बेतिया।** बेतिया। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम को मिल रही शिकायतों के बाद जिला प्रशासन ने गैस वितरण में अनियमितता बरतने वालों पर शिकंजा कस दिया है। अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बेतिया के गैस एजेंसियों पर किए गए औचक निरीक्षण में गंभीर खामियां मिलीं। जांच में सामने आया कि डिलीवरी वेंडर बुक किए गए सिलेंडरों को पात्र उपभोक्ताओं के बजाय अन्य लोगों को दे रहे थे। इस मनमानी पर कड़ा रुख अपनाते हुए प्रशासन ने दोषी वेंडरों के खिलाफ थानों में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।अपर समाहर्ता ने स्पष्ट किया कि जिले में 18,122 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है, इसलिए जनता अफवाहों से न घबराए। वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 'पहले आओ-पहले पाओ' का नियम सख्ती से लागू किया गया है। अब एमओ और तेल कंपनियों के अधिकारी संयुक्त रूप से सीरियल नंबर के आधार पर वितरण की निगरानी करेंगे। यदि किसी उपभोक्ता को समस्या होती है, तो वे सीधे कंट्रोल रूम के नंबर 06254-247002 या 06254-247003 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

**बिहार से उत्तराखंड तक फैला था ठगी का जाल, एसपी ने किया अंतर्राज्यीय साइबर गिरोह का खुलासा**

# 45 एटीएम और 21 स्मार्टफोन के साथ आठ साइबर अपराधी गिरफ्तार

बीएनएम @बगहा

**पुलिस ने जब्त किए दर्जनों एटीएम और सिम कार्ड**




**बगहा :** बगहा पुलिस ने साइबर अपराधियों के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए अवैध ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी में शामिल आठ आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक रामानंद कुमार कौशल ने प्रेस वार्ता में बताया कि साइबर थाना बगहा की टीम ने तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर यह बड़ी कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह भोले-भाले लोगों को ऑनलाइन गेम के माध्यम से कम समय में अधिक पैसा कमाने का प्रलोभन देकर ठगी करता था और अवैध लेनदेन के लिए विभिन्न बैंक खातों का इस्तेमाल करता था।कार्रवाई की शुरुआत पश्चिम चंपारण के सेमरा थाना क्षेत्र के सोनू केसरी को हिरासत में लेने से हुई। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने पटना के मछुआ टोली स्थित एक किराये के मकान में छापेमारी कर आदित्य कुमार और अरुण यादव को गिरफ्तार किया। इसके पश्चात, पटना के ही श्रीकृष्णापुरी थाना क्षेत्र के राजापुर से विकास कुमार यादव, पंकज कुमार, दिलीप कुमार, शिवनंदन कुमार और उत्तराखंड निवासी हरीश सिंह को दबोचा गया। पुलिस के अनुसार, इस पूरे गिरोह का मुख्य सरगना आदित्य कुमार है, जो सुनियोजित तरीके से इस अवैध धंधे का संचालन कर रहा था।पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से अपराध में प्रयुक्त भारी मात्रा में डिजिटल उपकरण और दस्तावेज बरामद किए हैं, जिनमें 45 एटीएम कार्ड, 21 स्मार्टफोन, 28 सिम कार्ड, 18 पासबुक, 10 पैन कार्ड, 7 आधार कार्ड, 2 लैपटॉप और 1 पासपोर्ट शामिल हैं। बरामद सामान इस बात का प्रमाण है कि यह गिरोह कितने बड़े स्तर पर सक्रिय था। हालांकि, गिरोह का एक अन्य सदस्य अभी भी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। बगहा पुलिस की इस मुस्तैदी ने साइबर अपराधियों के हौसले पस्त कर दिए हैं और क्षेत्र के लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है|

## 1.61 करोड़ की लागत से निखरेगी पटना की सूरत, सुरक्षा होगी पुख्ता

**30 वार्डों में हाई मास्ट लाइट्स लगाने के लिए फंड स्वीकृत**

बीएनएम @ पटना

**पटना :** पटना नगर निगम क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। हुडको की सीएसआर योजना के तहत राजधानी के विभिन्न इलाकों में रोशनी बिखेरने के लिए 1.62 करोड़ रुपये का अनुदान स्वीकृत किया गया है। इस राशि से शहर के प्रमुख स्थानों पर 12.5 मीटर ऊंचे 35 हाई मास्ट लाइट्स लगाए जाएंगे, जिससे पटना की रातें और अधिक सुरक्षित और रोशन होंगी।जानकारी के अनुसार, इन हाई मास्ट लाइट्स को पटना नगर निगम के लगभग 30 वार्डों के 35 चिन्हित स्थानों पर स्थापित किया जाएगा। योजना के दायरे में मुख्य रूप से भीड़भाड़ वाले चौक-चौराहे, मुख्य सड़कें और सार्वजनिक स्थल शामिल हैं। इस पहल से न केवल रात के समय आवागमन सुगम होगा, बल्कि अंधेरे का फायदा उठाकर होने वाली असामाजिक गतिविधियों पर भी लगाम लगेगी। विशेष रूप से महिलाओं और बुजुर्गों के लिए यह कदम सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।बांकीपुर क्षेत्र सहित पूरे शहर में इस घोषणा के बाद खुशी का माहौल है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए पूर्व विधायक नितिन नवीन के प्रयासों की सराहना की है। विशेषज्ञों का मानना है कि बेहतर प्रकाश व्यवस्था 'स्मार्ट सिटी' के मानकों को पूरा करने और शहरी सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस परियोजना को जल्द ही धरातल पर उतारा जाएगा, जिससे हजारों नागरिकों को आधुनिक और सुरक्षित शहरी परिवेश का लाभ मिल सके।

## सहसौल पंचायत के 19 किसानों ने मखाना खेती से बदली अपनी तकदीर

बीएनएम @ पटना

**जलभराव वाली 'बंजर' जमीन को बनाया मखाने की खान**



**पटना।** सहरसा जिले की सहसौल पंचायत के किसानों ने अपनी इच्छाशक्ति से आपदा को अवसर में बदलकर एक नई मिसाल पेश की है। वर्षों से जलभराव की समस्या झेल रही अनुपजाऊ जमीन, जो कभी खेती के लिए अभिशाप मानी जाती थी, आज किसानों के लिए 'सफेद सोना' उगल रही है। जल-जीवन-हरियाली अभियान से प्रेरित होकर गाँव के 19 किसानों ने एकजुटता दिखाई और जलमग्न जमीन को पोखर का रूप देकर मखाना की व्यावसायिक खेती शुरू की।इस सामूहिक प्रयास ने किसानों की तकदीर बदल दी है। अब यहाँ के किसान औसतन 10 से 15 हजार रुपये की लागत लगाकर सालाना 50 हजार रुपये से अधिक की अतिरिक्त आय प्राप्त कर रहे हैं। मखाना खेती का यह मॉडल पलायन रोकने में भी मददगार साबित हुआ है। स्थानीय किसान गणेश कुमार महतो के अनुसार, पारंपरिक फसलों के अभाव में जो लोग मजदूरी के लिए बाहर जाते थे, वे अब आत्मनिर्भर बन रहे हैं।इस पहल की सराहना करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने इसे राज्य की प्रगति का आधार बताया है। सरकार मखाना विकास योजना के तहत बीज और उपकरणों पर अनुदान देकर इस मुहिम को और गति दे रही है। यह न केवल आर्थिक समृद्धि ला रहा है, बल्कि नए पोखरों के निर्माण से जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को भी बढ़ावा मिल रहा है।

## बढ़ती महंगाई के विरोध में सड़क पर उतरे कांग्रेसी, नारेबाजी और प्रदर्शन से गरमाया माहौल

**टावर चौक पर फूंका पीएम का पुतला, गैस और पेट्रोल के बढ़ते दामों पर जताया विरोध**

बीएनएम @ गयाजी



**गयाजी।** देश में बढ़ती महंगाई और आर्थिक नीतियों के खिलाफ कांग्रेस ने कड़ा रुख अपनाते हुए शहर के टावर चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस विरोध कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू और गया जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष दामोदर गोस्वामी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की विफलता के कारण आम जनता का जीना मुहाल हो गया है।नेताओं ने बढ़ते दामों का ब्यौरा देते हुए बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर में 218 रुपये की भारी बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही प्रीमियम पेट्रोल 11 रुपये और डीजल 1.5 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। महंगाई की मार यहीं नहीं रुकी, लगभग 900 आवश्यक दवाओं की कीमतों में 10 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। रोजमर्रा की वस्तुएं जैसे बिस्किट, ब्रेड और चप्पल तक के दाम बढ़ने से मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट बिगड़ गया है।कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का बहाना बनाकर सरकार केवल बयानबाजी कर रही है, जबकि हकीकत में तेल कंपनियों को फायदा पहुँचाया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती का लाभ सीधे आम जनता को दिया जाए। इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता शामिल हुए और सरकार से तत्काल महंगाई पर लगाम लगाने की मांग की।

## रेड क्रॉस सोसाइटी में डॉ. विजय करण को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

» **निःशुल्क सेवाओं के लिए किया गया याद**

बीएनएम @ गयाजी

**गयाजी।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, गया के सभागार में स्वर्गीय डॉ. विजय करण की स्मृति में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेड क्रॉस प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उपेंद्र नारायण सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. राम सारेख सिंह और सचिव डॉ. तनवीर उस्मानी सहित कई गणमान्य चिकित्सकों एवं सदस्यों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।चेयरमैन उपेंद्र नारायण सिंह ने डॉ. करण के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका असमय निधन रेड क्रॉस परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है। डॉ. करण न केवल प्रबंधन समिति के वरीय सदस्य थे, बल्कि मेडिकल उप-समिति के संयोजक के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे थे। वे प्रत्येक बुधवार को रेड क्रॉस में निर्धन मरीजों के लिए निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान करते थे। उनकी सेवाभावी प्रकृति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने संस्थान के बेहतर रखरखाव से प्रभावित होकर स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग का चेक स्वयं प्रदान किया था।सचिव डॉ. तनवीर उस्मानी ने उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि डॉ. करण जैसा निस्वार्थ और समर्पित व्यक्तित्व समाज को विरले ही प्राप्त होता है। उनके स्नेह और मार्गदर्शन के लिए रेड क्रॉस परिवार सदैव उनका ऋणी रहेगा। सभा में डॉ. कौशलेंद्र प्रताप, डॉ. अनूप केडिया, बीपेंद्र अग्रवाल और डॉ. प्रभात कुमार सिन्हा सहित कई अन्य सदस्यों ने भी डॉ. करण के जीवन मूल्यों को याद किया।



## डेमोग्रैफिक डिविडेंड गंवा देने का खतरा

जो देश अपनी युवा श्रमशक्ति का पूरा उपयोग नहीं कर पाते, उनके संबंध में आम समझ है कि वे धनी होने से पहले बूढ़ा हो जाते हैं। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत पर डेमोग्रैफिक डिविडेंड गंवा देने का खतरा मंडरा रहा है।

युवा आबादी के संभावित लाभ को भारत गंवाने जा रहा है- यह निष्कर्ष है अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के 'भारत में कामकाज की स्थिति-2026Ó रिपोर्ट का। इसके मुताबिक 2030 में युवा आबादी (15- 29 वर्ष) अपनी चरम संख्या पर पहुंच जाएगी। उसके बाद इसमें गिरावट आने लगेगी। फिलहाल 36.7 करोड़ युवा इस उम्र वर्ग में हैं, जो कुल कामकाजी उम्र की आबादी का एक तिहाई हिस्सा है। मगर उनमें से 26.3 करोड़ ना शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, ना रोजगार में हैं। अतः उनके श्रमशक्ति का हिस्सा बनने की संभावना नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'आने वाले दशक में युवा पीढ़ी के लिए रोजगार सृजन की गति यह तय करेगी कि डेमोग्रैफिक डिविडेंड आर्थिक लाभ में तब्दील होता है या नहीं।Ó मगर रोजगार की सूरत यह है कि सिर्फ सात प्रतिशत पुरुष स्नातकों को डिग्री लेने के बाद पहले साल में नियमित वेतन वाली नौकरी मिल पाती है। ह्वाइट कॉलर जॉब्स की बात करें, तो यह संख्या महज 3.7 फीसदी है। तो रिपोर्ट में कहा गया है- 'ये संख्याएं चिंताजनक सूरत की झलक हैं। सुरक्षित ह्वाइट कॉलर जॉब ढूंढना अत्यधिक दुर्लभ घटना बनी हुई है।Ó वैसे चिंताजनक अनेक अन्य आंकड़े भी रिपोर्ट में हैं। उनमें एक बेरोजगार स्नातकों की विस्फोटक ढंग से बढ़ती गई संख्या है। 2004 में 30 लाख स्नातक बेरोजगार थे। यह संख्या 2011 में 40 लाख पहुंच गई। 2011-17 में इसमें बेहद तेज रफ्तार से बढ़ोतरी हुई। 2023 तक ये तदाद एक करोड़ 10 लाख तक पहुंच चुकी थी। इन स्थितियों के साथ कोई देश आर्थिक महाशक्ति बनने की कैसी उम्मीद जोड़ सकता है? जो देश अपनी युवा श्रमशक्ति का पूरा उपयोग नहीं कर पाते, उनके संबंध में आम आर्थिक समझ है कि वे धनी होने से पहले बूढ़ा हो जाते हैं। विश्व बैंक की श्रेणी के मुताबिक भारत लगभग तीन हजार डॉलर सालाना प्रति व्यक्ति आय के साथ अभी भी निम्न- मध्यम आय वर्ग वाला देश है। यानी धनी होने के पहले उसे उच्च मध्य वर्ग की श्रेणी (4,500 से 14000 डॉलर) पार करनी है। जबकि युवा आबादी की संख्या में वृद्धि के अब सिर्फ चार साल बाकी हैं।

# केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल विधेयक पर विपक्ष का विरोध-आशंकाएं-वास्तविकता

**सौरभ वार्ष्णेय**

भारत में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल देश की आंतरिक सुरक्षा की रीढ़ माने जाते हैं। सीमाओं की सुरक्षा से लेकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति बहाली और आपदा प्रबंधन तक, इन बलों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में जब भी इनके ढांचे, सेवा शर्तों या अधिकारों से जुड़ा कोई नया विधेयक या सुधार प्रस्ताव सामने आता है, तो स्वाभाविक रूप से व्यापक चर्चा होती है। लेकिन हाल के समय में देखा गया है कि विपक्ष इन प्रस्तावों का मुखर विरोध कर रहा है। यह विरोध किन कारणों से प्रेरित है, इसे समझना जरूरी है।

सबसे पहली चिंता संघीय ढांचे (फेडरलस्ट्रक्चर) को लेकर है। विपक्षका आरोप है कि केंद्र सरकार केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के माध्यम से राज्यों के अधिकारों में हस्तक्षेप बढ़ा सकती है। यदि किसी विधेयक में बलों को अधिक स्वायत्तता या सीधे हस्तक्षेप के अधिकार दिए जाते हैं, तो यह राज्यों की कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी को कमजोर कर सकता है। यही कारण है कि कई विपक्षी दल इसे राज्यों के अधिकारों पर अतिक्रमण के रूप में देखते हैं।

दूसरा महत्वपूर्ण मुद्दा बलों के कर्मियों के अधिकारों और कल्याण से जुड़ा है। विपक्ष का कहना है कि सरकार सुधार के नाम पर अनुशासन और नियंत्रण को तो मजबूत कर रही है, लेकिन जवानों की समस्याओं—जैसे लंबी ड्यूटी, मानसिक तनाव, वेतन विसंगतियां और पेंशन—पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा। यदि किसी विधेयक में इन मुद्दों का संतुलित समाधान नहीं होता, तो उसका विरोध स्वाभाविक है।

तीसरा पहलू राजनीतिक दुरुपयोग की आशंका है। विपक्ष को डर है कि सीएपीएफ का इस्तेमाल राजनीतिक विरोध को दबाने या चुनावी लाभ के लिए किया जा सकता है। भारत जैसे लोकतंत्र में सुरक्षा बलों की निष्पक्षता अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए किसी भी ऐसे प्रावधान पर सवाल उठना लाजिमी है जो इस निष्पक्षता को प्रभावित कर सकता है।

हालांकि, यह भी सच है कि कई बार विरोध का कारण केवल नीतिगत असहमति नहीं, बल्कि राजनीतिक रणनीति भी होती है। संसद में सरकार को घेरने और जनमत को प्रभावित करने के लिए विपक्ष अक्सर ऐसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाता है। इससे बहस तो होती है, लेकिन कई बार सार्थक समाधान पीछे छूट जाते हैं। इस पूरे परिदृश्य में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सीएपीएफ जैसे संवेदनशील विषय पर निर्णय लेते समय संतुलन और पारदर्शिता बनाए रखी जाए। सरकार को चाहिए कि वह सभी हितधारकों—राज्यों, सुरक्षा विशेषज्ञों और स्वयं बलों के कर्मियों—से व्यापक संवाद करे। वहीं विपक्ष को भी केवल विरोध तक सीमित न रहकर रचनात्मक सुझाव देने चाहिए। सुरक्षा और लोकतंत्र दोनों के बीच संतुलन बनाए रखना ही सबसे बड़ी चुनौती है। केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) सुधारों पर सहमति और संवाद का रास्ता ही देशहित में सबसे उपयुक्त साबित होगा।



**केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल विधेयकसुरक्षा और संतुलन की परीक्षा** : भारत की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) — जैसे (सीआरपीएफ), (बीएफएफ), (आईटीबीपी), (सीआईएसएफ) और (एसएसबी) की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। सीमाओं की रक्षा से लेकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति बनाए रखने तक, इन बलों ने लगातार चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में देश की सेवा की है। ऐसे में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल विधेयक का प्रस्ताव न केवल प्रशासनिक सुधार का विषय है, बल्कि यह देश की सुरक्षा संरचना को आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम भी माना जा रहा है।

इस विधेयक का मूल उद्देश्य (सीएपीएफ) के कार्य, अधिकार और जवाबदेही को एक समान कानूनी ढांचे में लाना है। वर्तमान में अलग-अलग बलों के लिए अलग-अलग कानून और नियम हैं, जिससे समन्वय और निर्णय प्रक्रिया में जटिलताएं पैदा होती हैं। एक समेकित विधेयक इन समस्याओं को दूर कर सकता है, जिससे संचालन में स्पष्टता और दक्षता आएगी।हालांकि, इस प्रस्ताव के साथ कुछ महत्वपूर्ण चिंताएं भी जुड़ी हैं। सबसे बड़ी चिंता बलों के अधिकारों और कर्मियों के कल्याण को लेकर है। (सीएपीएफ) के जवान लंबे समय से बेहतर कार्य-परिस्थितियों, निश्चित कार्य-घंटों, और पेंशन संबंधी मुद्दों को उठाते रहे हैं। यदि यह विधेयक केवल प्रशासनिक केंद्रीकरण तक सीमित रह जाता है और जवानों की वास्तविक समस्याओं को नजरअंदाज करता है, तो इसका उद्देश्य अधूरा रह जाएगा।

इसके अलावा, संघीय ढांचे पर इसके प्रभाव को भी समझना जरूरी है। राज्यों की पुलिस व्यवस्था और ष्ट्रक्कस्न के बीच संतुलन बनाए रखना एक संवेदनशील विषय है। यदि केंद्र के अधिकार अत्यधिक बढ़ते हैं, तो यह राज्यों के अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप का कारण बन सकता है, जिससे संघीय संतुलन प्रभावित हो सकता है।

इस विधेयक के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक है कि इसमें पारदर्शिता, जवाबदेही और मानवाधिकारों के संरक्षण को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही, जवानों के मानसिक स्वास्थ्य, परिवार से दूरी, और कठिन परिस्थितियों में काम करने जैसी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए ठोस प्रावधान किए जाएं। केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल विधेयक एक अवसर है—सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ उन जवानों के जीवन को बेहतर बनाने का, जो दिन-रात देश की रक्षा में लगे हैं। यह तभी सार्थक होगा, जब सुरक्षा के साथ संवेदनशीलता और शक्ति के साथ संतुलन भी सुनिश्चित किया जाए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है, समाचार पत्र व पत्रिकाओं में समसमायिक विषयों पर राजनीतिक चिंतक, विचारक हैं।)

# ट्रंप की मज़बूर एग्जिट चाल, ईरान का भीषण प्रहार और इज़रायल की अग्निपरीक्षा

**दिलीप कुमार पाठक**

आज मध्य-पूर्व के तपते और बारूद की गंध से भरे रेगिस्तान में इतिहास की सबसे खतरनाक पटकथा लिखी जा रही है और दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहाँ अमेरिका जैसी महाशक्ति की हेकड़ी ईरान के फौलादी इरादों के सामने पस्त पड़ती दिखाई दे रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जो व्हाइट हाउस की कुर्सी संभालते ही ईरान को पत्थर युग में भेजने की गर्जना कर रहे थे, आज उसी ईरान की अभूतपूर्व सैन्य दृढ़ता और अचूक मिसाइल तकनीक के सामने खुद को बुरी तरह फंसा हुआ पा रहे हैं। ट्रंप का हालिया और चौंकाने वाला बयान, जिसमें उन्होंने अगले 2 से 3 हफ्तों के भीतर ईरान से अपनी सेना को बाहर निकालने की बात कही है, दरअसल कोई सोची-समझी कूटनीतिक जीत नहीं बल्कि एक हारी हुई बाजी से सुरक्षित निकलने की छटपटाहट है क्योंकि अमेरिका की वैश्विक दादागिरी अब ईरान के आत्मसम्मान और उसकी मज़बूत सैन्य घेराबंदी के सामने धराशायी हो चुकी है। ट्रंप जो खुद को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ डील मेकर कहते थे, आज ईरान की शर्तों के सामने बेबस और लाचार नज़र आ रहे हैं और उनकी शांति की बात दरअसल उनकी अपनी सैन्य विफलता और रणनीतिक हार को छिपाने का एक पारदर्शी पर्दा मात्र है।

वे भली-भांति जानते हैं कि अगर वे अब इस युद्ध के मैदान से बाहर नहीं निकले, तो अमेरिका को एक ऐसे क्षेत्रीय महायुद्ध का सामना करना पड़ेगा जिसकी तबाही की आंच सीधे वाशिंगटन की दहलीज तक पहुँचेगी, क्योंकि ईरान ने साफ़ कर दिया है कि मध्य-पूर्व अब अमेरिका की जागीर नहीं है। ईरान का पक्ष आज इस संघर्ष में एक अजेय विजेता की तरह उभरा है जिसने पूरी दुनिया को यह संदेश दे दिया है कि वह अब केवल रक्षात्मक मुद्रा में नहीं रहेगा बल्कि आक्रामक रक्षा की नीति अपनाते हुए दुश्मन को उसके घर में घुसकर तबाह करेगा। हाल ही में तेल अवीव की अभेद्य कही जाने वाली सुरक्षा दीवारों को भेदती ईरानी मिसाइलों और जॉर्डन स्थित अमेरिकी अड्डों पर हुए अचूक हमलों ने यह साबित कर दिया है कि ईरान की सैन्य शक्ति को कम आंकना ट्रंप की सबसे बड़ी ऐतिहासिक भूल थी। ईरान ने न केवल अमेरिकी धमकियों को कूड़ेदान में डाल दिया है बल्कि अपनी सैन्य श्रेष्ठता के दम पर युद्ध का भूगोल बदलने की ऐसी चुनौती दी है जिससे ट्रंप अंतरराष्ट्रीय मंच पर पूरी तरह अलग-थलग और लाचार पड़ गए हैं।

इस बीच, ट्रंप के पीछे हटने के फैसले ने मध्य-पूर्व की बिसात पर एक ऐसा पावर वैक्यूम पैदा कर दिया है जिसे भरने के लिए रूस और चीन भूखे भेड़ियों की तरह घात लगाकर बैठे हैं और जैसे ही अमेरिकी सेना के कदम पीछे हटेंगे, पुतिन अपनी सैन्य साख और शी जिनपिंग अपनी असीमित आर्थिक शक्ति के ज़रिए इस तेल-समृद्ध क्षेत्र को पूरी तरह अपने प्रभाव में ले लेंगे। ट्रंप की यह एग्जिट चीन के लिए वह सुनहरा रास्ता खोल रही है जहाँ वह बिना एक भी गोली चलाए मध्य-पूर्व का नया आर्थिक और रणनीतिक महाबली बनकर उभरेगा, जो सीधे तौर पर अमेरिकी वैश्विक वर्चस्व के अंत का औपचारिक एलान होगा। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में सबसे ज़्यादा बेचैनी, गुस्सा और असुरक्षा इज़रायल के खेमे में दिखाई दे रही है, जिसके लिए ट्रंप का यह एग्जिट प्लान किसी बड़े कूटनीतिक विश्वासघात और सीधे तौर पर मौत के वारंट से कम नहीं है क्योंकि इज़रायल का स्पष्ट मानना है कि अमेरिका का पीछे हटना ईरान को पूरे क्षेत्र का बेताज और अनियंत्रित बादशाह बना देगा।

इज़रायल आज खुद को इस युद्ध में ठगा हुआ और अकेला महसूस कर रहा है और उसने अपने सैन्य बजट में $10 बिलियन की जो ऐतिहासिक और भारी वृद्धि की है, वह दुनिया को यह जताने के लिए काफी है कि वह अब अकेले ही इस महायुद्ध में उतरने को तैयार है। इज़रायली नेतृत्व को अच्छी तरह पता है कि अगर ट्रंप की सेना चली गई, तो ईरान के नेतृत्व में दुश्मन गुट उसे चारों तरफ से नोच खाएंगे, इसलिए उसके लिए अब हार का मतलब सीधे तौर पर दुनिया के नक्शे से मिट जाना होगा। अंततः, आज की कठोर हकीकत यह है कि अमेरिका की दादागिरी ईरान की मज़बूत मिसाइलों के सामने फीकी पड़ चुकी है और ट्रंप अपनी पुरानी हेकड़ी भूलकर सिर्फ सुरक्षित वापसी की राह देख रहे हैं, जबकि इज़रायल अपनी ज़मीन बचाने के लिए आखिरी कतरे तक लहू बहाने को आमादा है। आने वाले 21 दिन दुनिया को यह साफ-साफ दिखा देंगे कि कैसे एक महाशक्ति के पैर उखड़ते हैं और कैसे मध्य-पूर्व का नया भूगोल अब वाशिंगटन के बजाय तेहरान की मर्जी से बारूद की कड़वी स्याही से लिखा जा रहा है, जहाँ रूस और चीन अब नए अंपायर बनकर उभर रहे हैं।

# भाजपा के लिए भस्मासुर साबित होगा चुनाव आयोग?

**सनत कुमार जैन**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी हो चुकी है विधानसभा चुनाव के लिए एसआईआर की प्रक्रिया पिछले कई माह से चल रही है इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका की सुनवाई चल रही है पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जिस तरह से आर पार की लड़ाई लड़ रही है उसके कारण वह चुनाव आयोग और भाजपा के लिए एक बड़ा सिर दर्द बन गई हैं। चुनाव आयोग का एसआईआर का खेल बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान विपक्ष ने समझ लिया है फॉर्म नंबर 6 और 7 का जो खेल चुनाव आयोग में चल रहा है उसे भी विपक्षी दलों और ममता बनर्जी ने पहचान लिया है जिस तरह से केंद्रीय चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में बड़ी संख्या में बड़े अधिकारियों से लेकर बीएलओ तक के ट्रांसफर किए हैं। हर मामले में ममता बनर्जी और उनके अधिवक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में इस मामले को उठाया है हाई कोर्ट में भी ममता बनर्जी ने लड़ाई लड़ने में कोई कोताही नहीं बरती निश्चित रूप से चुनाव आयोग को जो संवैधानिक संरक्षण प्राप्त है सरकार का संरक्षण प्राप्त है उसको देखते हुए हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिला इसके बाद भी उन्होंने पूरी तरह से जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं उसमें एक धर्म विशेष के लोगों में जब हाईकोर्ट के जज का नाम कट गया उससे यह मामला जनता के बीच बड़ी तेजी के साथ पहुंच गया हाल ही में न्यायिक अधिकारी ब्लॉक ऑफिस में बैठकर जिन लोगों के नाम नहीं जुड़े थे उनकी शिकायतों पर जांच कर रहे थे उन न्यायिक अधिकारियों को मतदाताओं ने कई घंटे तक बंधक बना कर रखा हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पूरी रात जाग कर प्रशासन को सक्रिय करना पड़ा उसके बाद सुनवाई कर रहे जजों को बाहर निकाला गया बाद में सुप्रीम कोर्ट को आदेश करना पड़ा कि सीआरपीएफ को न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा की ड्यूटी में लगाया जाए इस मामले में पहले ही टीएमसी ने कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए यह कह दिया था जिस बड़े पैमाने पर अधिकारियों के ट्रांसफर केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा बिना राज्य सरकार के परामर्श के किए गए हैं उसके बाद राज्य सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद केंद्रीय चुनाव आयोग के आदेश पर पूरा प्रशासन कम कर रहा है कानून व्यवस्था की पश्चिम बंगाल में स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है जिद मतदाताओं के नाम काटे गए हैं उनकी संख्या लाखों में है और वह अपने नाम जुड़वाने के लिए शोध आक्रोषित होकर स्थानीय अधिकारियों और न्यायिक अधिकारियों के पास पहुंच रहे हैं। हरियाणा महाराष्ट्र तथा बिहार के चुनाव में किस तरह से फॉर्म 6 एवं 7 का दुरुपयोग किया गया है किस तरह से चुनाव में मतदाताओं के नाम जोड़ने और काटने में अंतिम समय पर चुनाव आयोग द्वारा हेराफेरी की गई है इसका खुलासा अब पूरी तरह से हो गया है राहुल गांधी ने जब पत्रकार वार्ता कर चुनाव आयोग के ऊपर आरोप लगाए थे उस समय विपक्ष ने चुप्पी साध ली थी लेकिन चुनाव के दौरान किस तरह की गड़बड़ी होती है इसका खुलासा सबसे पहले राहुल गांधी ने किया था चुनाव आयोग ने अभी तक उसे पत्रकार वार्ता का जवाब नहीं दिया पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और टीएमसी के नेता सड़क से लेकर अदालत तक यह लड़ाई लड़ते चले आ रहे हैं पश्चिम बंगाल अपने अधिकारों के प्रति काफी जागरूक रहता है जिसके कारण भाजपा को पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है टीएमसी का नेटवर्क गांव गांव तक फैला हुआ है जिस तरह से टीएमसी चुनाव आयोग के हर रिकॉर्ड को न केवल अपने पास संरक्षित कर रही है वरन चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जो मतदाता सूची जारी की जा रही है उसमें जरा सी भी गड़बड़ी होने पर कोर्ट पहुंच जाती है ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग और भाजपा को बुरी तरह से घेर लिया है पश्चिम बंगाल पहला राज्य होगा जहां से चुनाव आयोग के कारण भाजपा को भी नुकसान उठाना पड़ सकता है पश्चिम बंगाल में चर्चाओं के दौरान यह कहा जा रहा है केंद्रीय चुनाव आयोग ज्ञानेश कुमार भाजपा के लिए आगे चलकर भस्मासुर बन सकते हैं।



चुनाव आयोग के ऊपर आरोप लग रहे हैं कि वह भाजपा नेताओं के इशारे पर उनके मनपसंद अधिकारियों और कर्मचारियों को चुनाव कार्य में लगा रहे हैं बड़े पैमाने पर बदलाव किया गया है चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इसका ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ रहे हैं जो भी कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होगी गड़बड़ी होगी उस सबके लिए वह चुनाव आयोग को ही जिम्मेदार ठहरा रही हैं रही सही कसर सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेश पर जो न्यायिक अधिकारी मतदाता सूची के काम में लगे हुए हैं उनको बंधक बनाए जाने के बाद किस तरह की कानून व्यवस्था की स्थिति है यह सुप्रीम कोर्ट के सामने उजागर हो गया है। पश्चिम बंगाल में अभी मतदाता सूची फाइनल नहीं हुए हैं जल्द ही नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ेगा पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित कर पाना आसान नहीं होगा ममता बनर्जी को चुनाव आयोग ने पूरी तरह से अलग-अलग करके रखा है मानवाने तरीके से ट्रांसफर पोस्टिंग की गई है ऐसी स्थिति में पश्चिम बंगाल के चुनाव में जो भी गड़बड़ी होगी या कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ेगी उसके लिए चुनाव आयोग और भाजपा को जिम्मेदार ठहराना ममता बनर्जी के लिए आसान हो गया है। पहली बार एसआईआर के दौरान जो गड़बड़ियां हुई है वह सुप्रीम कोर्ट के रिकॉर्ड में आ गई है यह सही है कि कानून दान केंद्रीय चुनाव आयोग को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है उनके ऊपर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है लेकिन जिस तरह से जनता उत्तेजित हो रही है उसका काम में आज कहीं ना कहीं केंद्रीय चुनाव आयोग और भाजपा को भुगतना पड़ सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए ताजगी भरा रहने वाला है। आज से डेली योग और ध्यान करने का प्रण लेगें। आज आपका मन धार्मिक कार्यों में अधिक रहेगा। समाज में लोगों के बीच आपके कर्मठता और ईमानदारी की तारीफ होगी। आज आर्थिक लाभ पाने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। आपको अपनी मेहनत का फल अवश्य मिलेगा। बच्चों को माता-पिता के साथ बाहर घूमने का मौका मिलेगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आप नजदीक में ही अपनी मनपसंद जगह पर घूमने जाएंगे वह अच्छा समय बिताएंगे कामकाज में आपको सफलता मिलेगी। आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा। अगर आप किसी धार्मिक संस्थान से जुड़े हैं, तो आपको लाभ होगा। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के लिए अनुकूल है। आज नया काम शुरू करने की सोचेंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आपको पुराने दोस्तों से मिलने का मौका मिलेगा।

**मिथुन राशिः** आज आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। आप किसी काम के लिए नई योजना भी बना सकते हैं। आय के स्रोतों में वृद्धि होने की संभावना है। प्राइवेट नौकरी करने वालों को आज किसी बड़ी कम्पनी से नया प्रोजेक्ट मिल सकता है आप इस पर धैर्य के साथ पूरी लग्न से कार्य करेंगे सफलता अवश्य मिलेगी। छात्र अपने मित्रों के साथ किसी बहुत बड़े क्विज में हिस्सा ले सकते हैं। स्वास्थ्य के मामले में थोड़ा उतार चढ़ाव बना रहेगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते और मजबूत होंगे। किसी काम के लिए की गई आपकी मेहनत आज रंग लायेगी। करियर में नए शुभ अवसर मिलेगा। असंभव सा दिखने वाले किसी काम के पूरे होने पर आपको बहुत सुकून मिलेगा। आज कार्य स्थल पर हर कोई आपकी बातों को ध्यान से सुनेगा और मानेगा। आपको काम में सीनियर्स का पूरा साथ मिलेगा। आपको व्यापार में अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा।

**सिंह राशिः**आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपकी बहुप्रतीक्षित मनोकामना आज पूरी हो सकती है। आज फैमिली के साथ धार्मिक यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा। आपके चहेते लोग आपके व्यापार में मदद कर सकते हैं। अपने बीजी शेड्यूल से समय निकालकर परिवार के साथ समय बिताएंगे, रिश्तों में विश्वास बढ़ेगा। जीवनसाथी से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आज अधिकारियों से अच्छा कॉम्प्लीमेंट मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आप किसी काम में बेस्ट परफॉर्मेंस देने के लिए कुछ नया क्रिएटिव करेंगे। करियर के लिए आज का दिन मील का पत्थर साबित होगा। किसी काम के पूरे होने पर आपको प्रसन्नता होगी। आपके काम में सीनियर्स का पूरा योगदान रहेगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। ऑफिस में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिए पिछली कंपनी का अनुभव आपके काम आ सकता है। किसी नए व्यवसाय में पैसा लगाने से आपको बचना चाहिए। साथ ही कोर्ट कचहरी के मामलों से दूर रहना आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए एक्सरसाइज जारी रखनी चाहिए।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। आप जिस भी काम को पूरा करना चाहेंगे, वो काम पूरा हो जायेगा। आप किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं साथ ही शाम को आप कुछ घरेलू सामान खरीदने के लिए मार्केट भी जाएंगे। अधिकारी वर्ग आपके काम से प्रसन्न हो सकते हैं।

**धनु राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी और आपका कॉन्फिडेंस लेवल बढ़ेगा। रिसर्च कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले मित्रों से सलाह लेना फायदेमंद रहेगा।

**मकर राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको कुछ जरूरी कामों में दोस्तों की मदद मिल सकती है। साथ ही कई दिनों से अटका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर परिणाम लेकर आ सकता है। आज आपको किसी प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित शुभ समाचार मिल सकता है। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज खास काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। घर में नए मेहमान के आने की खुशखबरी मिलने से घर का माहौल खुशियों से भर जायेगा। सामाजिक लोग आपके व्यक्तित्व से प्रभावित होंगे। आज आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। लवमेट के साथ आपका दिन बेहतर गुजरेगा।

**मीन राशिः** आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। आज काम में पेरेंट्स की मदद मिलने से काम जल्दी ही पूरा होगा। आज आपका सहपाठी आपसे अपनी बात शेयर कर सकता है। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा। आप अपने कठिन विषय पर शिक्षकों से चर्चा कर सकते हैं। सेहत के लिहाज से शरीर कुछ ढीला ढाला हो सकता है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# एक दशक बाद जिम्बाब्वे का दौरा करेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

एजेंसी, सिडनी



ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम इसी साल सितंबर में जिम्बाब्वे का दौरा करेगी। इस दौरे में ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम एक दशक के बाद जिम्बाब्वे जा रही है। इससे पहले वह साल 2014 में जिम्बाब्वे गयी थी। सीरीज 15 सितंबर को शुरू होगी, जबकि दूसरा और तीसरा मैच 18 और 20 सितंबर को खेला जाएगा। ये सभी मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले जाएंगे। वहीं इस दौरे को लेकर जिम्बाब्वे बोर्ड उत्साहित हैं। उसका मानना है कि इससे टीम को आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2027 की तैयारी का अवसर मिलेगा। टी20 विश्वकप के मेजबानों में दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के साथ जिम्बाब्वे, भी शामिल है। जिम्बाब्वे क्रिकेट के मैनेजिंग डायरेक्टर गिवमोर माकोनी ने कहा कि यह दौरा टीम के लिए एक अहम मोड़ पर आया है। उन्होंने कहा, हमें ऑस्ट्रेलिया का जिम्बाब्वे में फिर से स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है। यह एक बेहद रोमांचक एकदिवसीय सीरीज होने की उम्मीद है। शीर्ष स्तर की टीम के खिलाफ मैच से ही हमारी टीम आगे बढ़ेगी। ये टीम के विकास के लिए भी बहुत जरूरी हैं। पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2027 नजदीक आ रहा है, ऐसे में यह दौरा हमें अपनी तैयारियों को मजबूत करने का एक अच्छा अवसर देता है। हम दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट की मेज़बानी की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, यह हमारे प्रशंसकों के लिए भी एक अच्छा अवसर है कि वे अपने घर पर ही विश्व स्तरीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का आनंद उठा सकें। हमें उम्मीद है कि हरारे स्पोर्ट्स क्लब में हमें अपने प्रशंसकों का जोरदार समर्थन मिलेगा। हाल के दिनों में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को कई बार टक्कर दी है। इसी साल फरवरी में हुए टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम को 23 रनों से हराया था।

इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया की 50 ओवरों की टीम को भी जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने पिछले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। सितंबर 2022 में टाउन्सविले में खेले गए इस मैच में ऑस्ट्रेलिया तीन विकेट से हार गयी थी। ऑस्ट्रेलिया के जिम्बाब्वे दौरे पर सभी मुकाबले हरारे में खेले जाएंगे। पहला एकदिवसीय 15 सितंबर, दूसरा 18 सितंबर और तीसरा 20 सितंबर को खेला जाएगा।

# आईपीएल में टीमों को बढ़ाने पर विचार कर रहा बीसीसीआई : अरुण धूमल

## टूर्नामेंट की गुणवत्ता से समझौता नहीं करेंगे

एजेंसी, मुम्बई



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) साल 2008 में शुरु होने के बाद से ही लगातार छाया हुआ है। यहां तक कि आज आईपीएल दुनिया में सबसे बड़ी क्रिकेट लीग है। इसके मैचों का प्रसारण दूनिया भर में होता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सबसे अधिक कमाई आईपीएल से ही होती है। ऐसे में बोर्ड अब इसमें टीमें बढ़ाने पर विचार कर रहा है। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल के अनुसार बोर्ड टीमों की संख्या बढ़ाने का कोई भी फैसला, टूर्नामेंट की गुणवत्ता से समझौता करते हुए नहीं लेगा।

धूमल ने कहा, टीम बढ़ाने का फैसला इस बात पर निर्भर करेगा कि इसके लिए कितना समय मिलता है। निवेशकों की इसमें कितनी रुचि है क्योंकि आईपीएल में निवेश पर असाधारण रिटर्न मिल रहा है। मैचों की संख्या बढ़ाने के पहले कई बातों का ध्यान रखना होता है। साथ ही कहा कि अगर इस लीग को नियमित रूप से आयोजित किया जाना है, तो नई व्यवस्था होगी। आईसीसी कार्यक्रम में कम द्विपक्षीय मैच रखने होंगे। तभी लीग क्रिकेट बढ़ सकता है। साथ ही कहा कि जब बोर्ड ने प्रसारण अधिककार 48,390 करोड़ रुपए में बेचे थे, तो योजना यह थी कि धीरे-धीरे मैचों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके अनुसार साल 2023 और 2024 में 74 मैच, 2025 और 2026 में 84 मैच, और अंत में साल 2027 तक 94 मैच खेले जाने थे पर ये योजना अभी रुकी हुई है। साल 2026 में भी 74 मैच ही खेले जाएंगे। इसके पीछे को कारण आईसीसी का मौजूदा भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) है, जो अप्रैल 2027 तक चलेगा, इससे मैचों के बीच बहुत कम खाली समय मिलता है। धूमल ने आईपीएल के विस्तार को लेकर कहा, लीग को 74 से 94 मैचों तक ले जाने के लिए हमें एक बड़ी विंडो की जरूरत है। ज़्यादातर अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर पहले से ही बुक है। मार्च के बीच से मई के आखिर तक का समय ही हमारे पास सीमित उपलब्ध है। वहीं जून में बारिश शुरु हो जाती है। तब नर्मिंट को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। अगर हम मौजूदा विंडो में ही 74 से 94 मैच करवाने की कोशिश करेंगे तो हमें अधिक डबल-हेडर करवाने पड़ेंगे। जो कि प्रसारण कर्ता के लिए फायदे का सौदा नहीं होते। हमें सभी के हितों का ध्यान रखना होता है। इसीलिए हमने अब तक 74 मैच ही रखे हैं।

# केविन पीटरसन ने की दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज समीर रिजवी की तारीफ

एजेंसी, लंदन



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान क्रिकेटर केविन पीटरसन ने दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेल रहे बल्लेबाज समीर रिजवी की जमकर प्रशंसा की है। रिजवी ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 70 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलायी है। पीटरसने पिछले साल कैपिल्स के मेंटर रहे थे। उनका कहना है कि पिछले सीजन में ही उन्होंने समीर की प्रतिभा देख ली थी। तभी से वह इस युवा बल्लेबाज के खेल से प्रभावित हैं। उन्होंने टीम प्रबंधन से अपील की है कि वह इस युवा का साथ देते रहे। जिससे उसका आगे भी इसी प्रकार खेलने के लिए मनोबल बढ़ता रहे। पीटरसन ने कहा, उन्होंने हालात के हिसाब से बहुत ही शानदार बल्लेबाजी की और इसमें मुझे इसमें कोई हैरानी नहीं हुई। मैंने पिछले सीजन में समीर के साथ काफी समय बिताया था और उन्हें बहुत करीब से देखा था।

उन्होंने एक अभ्यास मैच में भी शतक बनाया था पर टूर्नामेंट के पहले चरण में उन्हें टीम में जगह नहीं मिल पाई थी। हालांकि जब सत्र के बाद के हिस्से में उन्हें अवसर मिला, तो उनकी क्षमताएं सभी ने देखीं। तब हर किसी ने उनकी तरफ देखा और कहा इसमें काफी संभावनाएं नजर आती हैं। उन्होंने आगे कहा, जब आप किसी युवा खिलाड़ी पर भरोसा करते हैं, तो आपको यह विश्वास होना चाहिए कि वह खिलाड़ी आपके भरोसे पर खरा उतरेगा, और उसने इस मैच में ठीक वैसा ही किया है। उसने दबाव में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया पीटरसन ने दिल्ली कैपिटल्स के कोच के उस फैसले का भी समर्थन किया, जिसमें उन्होंने अनुभवी बल्लेबाज डेविड मिलर से पहले ट्रिस्टन स्टब्स को बल्लेबाजी के लिए भेजा था।

# टाइगर वुड्स ने राइडर कप से नाम वापस लेने के साथ ही खेल से ब्रेक लिया

## इलाज के लिए विदेश जाएंगे

एजेंसी, न्यूयार्क




विश्व के नंबर एक दिग्गज रहे गोल्फर टाइगर वुड्स फिट नहीं होने के कारण राइडर कप गोल्फ टूर्नोमेंट में भाग नहीं लेंगे। वुड्स ने खराब सेहत का हवाला देते हुए खेल से ब्रेक लेने की भी घोषणा कर दी है। वुड्स ने कहा है कि वह इलाज के लिए विदेश जा रहे हैं। वह पिछले कुछ समय से गोल्फ से जुड़ी गतिविधियों से दूर थे पर गुरुवार को उन्होंने औपचारिक रूप से राइडर कप की कप्तानी ठुकरा दी साथ ही कहा कि वह इलाज के लिए विदेश जा रहे हैं। उन्हें अदालतन ने इलाज के लिए देश से बाहर जाने की अनुमति भी दे दी है। वुड्स को पिछले सप्ताह नशे में गाड़ी चलाने के संदेह के कारण गिरफ्तार किया गया था हालांकि कुछ घंटे बाद ही उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था। इसी कारण उन्हें विदेश जाने से पहले अदालत से अनुमति लेनी पड़ी हैं। वुड्स ने एक बयान जारी कर कहा कि वह 'इलाज कराने और अपने स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए' अनिश्चित काल के लिए खेल से दूर जा रहे हैं। उनके वकील डगलस डंकन ने दायर एक याचिका में न्यायाधीश से वुड्स को उपचार के लिए विदेश जाने की अनुमति देने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि वुड्स को इलाज के लिए विदेश इसलिए जाना पड़ रहा है क्योंकि अमेरिका में उनके लिए अपनी निजता बनाये रखना संभव नहीं है।

# बिजनेस

# रिजर्व बैंक ने आरबीएल बैंक के अधिग्रहण के लिए एमिरेट्स एनबीडी बैंक को दी मंजूरी

एजेंसी, नई दिल्ली




रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने दुबई के एमिरेट्स एनबीडी बैंक को आरबीएल बैंक में 74 फीसदी तक हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी दे दी है। इसके बाद बैंक को सब्सिडी मॉडल के तहत विदेशी बैंक के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। आरबीएल बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि आरबीआई ने यह मंजूरी एक अप्रैल को दी, जिसकी वैधता एक वर्ष तक रहेगी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दूसरे सबसे बड़े बैंक एमिरेट्स एनबीडी ने अक्टूबर 2025 में आरबीएल बैंक में 60 फीसदी की हिस्सेदारी करीब 26,853 करोड़ रुपये में खरीदने का प्रस्ताव पेश किया था, जिसके बाद यह मंजूरी दी गई है। आरबीआई की मंजूरी पत्र के अनुसार एमिरेट्स एनबीडी (ईएनबीडी) को आरबीएल बैंक की चुकता पूंजी का कम से कम 51 फीसदी हिस्सा बनाए रखना होगा। रिजर्व बैंक ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नियमों के अधीन ईएनबीडी को आरबीएल बैंक का प्रवर्तक वर्गीकृत करने पर भी कोई आपत्ति नहीं जताई है, लेकिन कहा कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 12(2) के तहत ईएनबीडी के मताधिकार को आरबीएल बैंक के कुल मतदान अधिकारों के 26 फीसदी तक सीमित रखा जाएगा। ईएनबीडी को 'सिंगल मोड ऑफ प्रेजेंस' की शर्त से अस्थायी छूट दी गई है, जब तक कि भारत में उसकी शाखाओं का आरबीएल बैंक के साथ विलय नहीं हो जाता या अधिकतम एक वर्ष की अवधि पूरी नहीं हो जाती। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि यह मंजूरी भारत सरकार से 49 प्रतिशत से अधिक निवेश के लिए आवश्यक स्वीकृति, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) 1999, सेबी नियमों तथा अन्य लागू नियमों के अनुपालन के अधीन होगी। इस प्रस्तावित सौदे को अभी अन्य नियामकीय मंजूरियां और 18 अक्टूबर, 2025 को निवेशक एवं बैंक के बीच हुए निवेश समझौते में उल्लिखित शर्तों को भी पूरा करना होगा। इससे पहले जनवरी में प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने भी एमिरेट्स एनबीडी बैंक के आरबीएल बैंक में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। आरबीआई ने जारी एक बयान में कहा कि ऐसे बैंक पर पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी मॉडल के तहत संचालित विदेशी बैंकों के लिए नियत प्रावधान लागू होंगे। हालांकि, निदेशक मंडल बैठकों में उपस्थित निदेशकों में कम से कम आधे स्वतंत्र निदेशक होने की शर्त इस पर लागू नहीं होगी। बैंक को अपने 'आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन' में आवश्यक संशोधन कर आरबीआई से मंजूरी लेने को कहा गया है और बैंक इस दिशा में आवश्यक कदम उठाएगा।

# इंडिगो 19 अप्रैल से दिल्ली-इस्तांबुल मार्ग पर एयरबस ए321एक्सएलआर करेगा तैनात

एजेंसी, नई दिल्ली

देश की बजट एयरलाइन इंडिगो ने गुरुवार को कहा कंपनी अपनी अंतरराष्ट्रीय विस्तार की यात्रा में लगातार आगे बढ़ रही है। एयरलान ने बताया कि वह 19 अप्रैल से दिल्ली-इस्तांबुल मार्ग पर एयरबस ए321एक्सएलआर तैनात करेगा। एयरलाइन ने जारी एक बयान में कहा कि इंडिगो 19 अप्रैल से ज्यादा ट्रैफिक वाले दिल्ली-इस्तांबुल रूट पर अपना दूसरे एयरबस ए321एक्सएलआर विमान को लगाकर अंतरराष्ट्रीय विस्तार करेगी। यह इसके एक अहम अंतरराष्ट्रीय सेक्टर में क्षमता और प्रोडक्ट के मामले में एक बड़ा अपग्रेड है। इंडिगो ने कहा कि एयरलाइन अपनी अंतरराष्ट्रीय विस्तार की यात्रा में लगातार आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में 19 अप्रैल से दिल्ली-इस्तांबुल रूट पर दूसरा एयरबस ए321एक्सएलआर विमान सेवा में शामिल किया जाएगा। यह रूट एयरलाइन के लिए रणनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। इसके जरिए इंडिगो तुर्की एयरलाइंस के साथ अपनी कोडशेयर पार्टनरशिप के तहत 50 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय जगहों के लिए बिना किसी रुकावट के आगे की यात्रा की सुविधा दे पाएगी। एयरलाइन के मुताबिक इस सेक्टर पर पहली बार इंडिगो दो तरह की सीट व्यवस्था पेश करेगा, जिसमें 183 इकोनॉमी सीटें और 12 इंडिगोस्ट्रेच सीटें होंगी। इंडिगोस्ट्रेच, इंडिगो का खास तौर पर तैयार किया गया बिजनेस प्रोडक्ट है। दोनों ही केबिन के यात्री दुनियाभर और स्थानीय व्यंजनों से प्रेरित मुफ़्त गर्म भोजन और पेय पदार्थों का आनंद ले सकेंगे। इसमें शाकाहारी भोजन डिफ़ॉल्ट रूप से उपलब्ध होगा, जबकि मांसाहारी भोजन की प्री-बुकिंग की जा सकेगी।

कंपनी ने बताया कि इकोनॉमी क्लास में शराब वाले पेय पदार्थ खरीदे जा सकते हैं या उनकी प्री-बुकिंग की जा सकती है, जबकि इंडिगोस्ट्रेच के यात्रियों के लिए ये मुफ़्त उपलब्ध होंगे। इसके अलावा, इस विमान में अगली पीढ़ी का डिजिटल इन-फ़्लाइट मनोरंजन सिस्टम लगा है, जिससे यात्री अपने निजी डिवाइस पर ही भारतीय और अंतरराष्ट्रीय फ़िल्में, टीवी शो, गेम्स, एनीमे और अन्य कई तरह के कंटेंट का सीधा आनंद ले सकेंगे। इंडिगो इसी साल की शुरुआत में इंडिगो एयरबस ए321एक्सएलआर विमान को अपने बेड़े में शामिल करने वाली पहली भारतीय एयरलाइन बनी थी, और उसने एथेंस के लिए अपनी उड़ानें शुरू की थीं। यह एयरलाइन की अंतरराष्ट्रीय विस्तार की यात्रा में एक बहुत बड़ी उपलब्धि थी। यह नई पीढ़ी का विमान ज्यादा दूरी तय करने की क्षमता, बेहतर ईंधन दक्षता और केबिन में ज़्यादा आराम की सुविधा देता है, जिससे इंडिगो नए लंबी दूरी वाले बाज़ारों तक अपनी पहुँच बना पाएगा और साथ ही यात्रियों को यात्रा का कहीं ज़्यादा बेहतर अनुभव दे पाएगा।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच ब्रेंट क्रूड का भाव पहुंचा 109 डॉलर के पार

एजेंसी, नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में चल रहे संकट से कच्चे तेल की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिला रहा है। होर्मुज के जरिए तेल की सप्लाई में बाधा पैदा होने के कारण ब्रेंट क्रूड लगभग आठ फीसदी उछलकर 109.24 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में शुक्रवार को कारोबार के दौरान कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान पर अगले 2 से तीन हफ्तों में संभावित सैन्य कार्रवाई की चेतावनी के बाद कच्चे तेल की सप्लाई को लेकर चिंता बढ़ने से क्रूड ऑयल के दाम में तेजी आई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स करीब आठ फीसदी उछलकर 109.24 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड फ्यूचर्स 111.54 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड करता देखा गया। पश्चिम एशिया में जारी संकट से साप्ताहिक आधार पर भी कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यूएस डब्ल्यूटीआई क्रूड में पिछले शुक्रवार के मुकाबले 11.94 फीसदी की मजबूत बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि, ब्रेंट क्रूड की कीमत में इसी अवधि के दौरान 3.14 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जो बाजार में अस्थिरता को दर्शाती है।

# गुड फ्राइडे पर बंद रहा शेयर बाजार, अब सोमवार को होगा कारोबार

एजेंसी, नई दिल्ली



गुड फ्राइडे के कारण आज घरेलू शेयर बााजार बंद है। वहीं, सप्ताहिक अवकाश होने की वजह से इस शनिवार और रविवार को भी शेयर बाजार बंद रहेगा। अब अगले हफ्ते के पहले दिन सोमवार को शेयर बााजार में कारोबार होगा।

गुड फ्राइडे के अवसर पर भारतीय शेयर बाजार बंद होने के कारण के दोनों प्रमुख सूचकांक बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) दोनों पर कारोबार नहीं होगा। चूंकि, इसके बाद शनिवार और रविवार को वीकेंड है, इसलिए शेयर बाजार में लगातार तीन दिन का ब्रेक रहेगा। इसके अलावा आज इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स, एसएलबी , करेंसी डेरिवेटिव्स और इंटरेस्ट रेट डेरिवेटिव्स-सभी सेगमेंट में कोई ट्रेडिंग नहीं होगी, यानी पूरे दिन एक्सचेंज पर कारोबार पूरी तरह बंद रहेगा। घरेलू शेयर बाजार में अब अगला कारोबारी सत्र सोमवार, 6 अप्रैल को सुबह 9:15 बजे से शुरू होगा।

# यूपीआई ने मार्च में 22.64 अरब लेनदेन का रिकॉर्ड बनाया: डीएफएस

एजेंसी, नई दिल्ली




देश में एकीकृत भुगतान व्यवस्था (यूपीआई) के जरिये होने वाले लेन-देन की संख्या मार्च महीने में 22.64 अरब के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने यह जानकारी दी है। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने गुरुवार को एक्स पोस्ट में बताया, ''यूपीआई के जरिये मार्च 2026 में 22.64 अरब लेन-देन हुए हैं। डिजिटल भुगतान को अपनाने और इस क्रांति को आगे बढ़ाने के लिए भारत का धन्यवाद। आइए, लेन-देन का तरीका बदलने की इस यात्रा को जारी रखें।''

डीएफएस ने कहा कि संख्या के लिहाज से इस महीने 22.64 अरब लेन-देन हुए, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह संख्या 18.3 अरब थी, जो 24 फीसदी की वृद्धि को दर्शाती है। वहीं, फरवरी में यूपीआई लेन-देन की संख्या 20.39 अरब रही थी। वित्तीय सेवा विभाग के अनुसार हाल ही में जारी आरबीआई के 'दो-स्तरीय सत्यापन' नियम का पालन करते हुए यूपीआई लेन-देन करना सुरक्षित होने के साथ उपयोग में भी आसान है। इसमें पहला सत्यापन बैंक से जुड़ा मोबाइल नंबर है, जबकि दूसरा पहलू यूपीआई खाते का पिन है। इससे लेन-देन तेजी से होता है और अनधिकृत पहुंच से रोकथाम मिलती है। डीएफएस ने बताया कि आज भारत में होने वाले कुल डिजिटल लेन-देन में यूपीआई की हिस्सेदारी 85 फीसदी है। इसका असर राष्ट्रीय सीमाओं से परे भी है और इसकी वैश्विक स्तर पर वास्तविक समय में होने वाले डिजिटल भुगतान का लगभग 50 फीसदी हिस्सेदारी है। उल्लेखनीय है कि यूपीआई पहले से ही संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस सहित सात देशों में चालू है। फ्रांस में इसकी शुरुआत हो चुकी है और यह यूरोप में यूपीआई का पहला कदम है।



# जन नायकन का खत्म होगा इंतजार? फिल्म की रिलीज पर आया ये बड़ा अपडेट



थलापति विजय की फिल्म जन नायकन को लंबे समय से रुकावटों का सामना करना पड़ा रहा है। 9 जनवरी को पोंगल के मौके पर इसे रिलीज किया जाना था, लेकिन सेंसर प्रक्रिया में उलझने के कारण ऐसा नहीं हुआ। मामले ने इस कदर तूल पकड़ा कि निर्माताओं को मद्रास हाई कोर्ट का रुख करना पड़ा। लंबे समय से जन नायकन पर चल रही खींचातानी शायद खत्म होने को है। इसकी रिलीज पर ताजा अपडेट आया है।

सीबीएफसी द्वारा जन नायकन में कुछ आपत्तियां जताने के बाद इसे दोबारा रिव्यू के लिए समीक्षा समिति को भेजा गया था। फिल्मीबीट की एक रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि फिल्म से जुड़े मुद्दे सुलझ गए हैं। यह अप्रैल के आखिरी हफ्ते में रिलीज सकती है। रिलीज के लिए 24 अप्रैल या 30 अप्रैल की तारीखों पर विचार चल रहा हैं। इस अपडेट से फैंस खुश हैं जो फिल्म रिलीज की कब से राह तक रहे थे। अभिनेता से राजनेता बन चुके थलापति ने आधिकारिक तौर पर ऐलान कर दिया है कि जन नायकन उनकी आखिरी फिल्म है। यही कारण है कि फैंस इससे भावनात्मक तौर पर काफी जुड़े हैं। फिलहाल निर्माताओं की ओर से रिलीज पर आधिकारिक ऐलान होने के बाद ही सबकुछ स्पष्ट होगा। थलापति की जन नायकन एच. विनोद द्वारा निर्देशित और केवीएन प्रोडक्शन द्वारा निर्मित है। इसमें पूजा हेगड़े, बॉबी देओल, प्रकाश राज, ममिता बैजू, गौतम वासुदेव और नारायण जैसे सितारे हैं।

फिल्म

## जब मुश्किल हालात में थे अमिताभ बच्चन, तो 'कौन बनेगा करोड़पति' ने ऐसे बदली उनकी किस्मत



'कौन बनेगा करोड़पति' टीवी का सबसे पॉपुलर शो माना जाता है, लेकिन इसकी शुरुआत इतनी आसान नहीं थी. जब अमिताभ बच्चन को ये शो ऑफर हुआ, उस समय उनकी जिंदगी बहुत मुश्किल में चल रही थी. उनकी फिल्में पहले जैसा सिनेमाघरों में कमाल नहीं कर पा रही थी और उनकी कंपनी भी नुकसान में चली गई थी. ऐसे में टीवी पर आने का फैसला उनके लिए आसान नहीं था, क्योंकि उस समय बड़े फिल्म स्टार्स छोटे पर्दे से दूरी बनाकर रखते थे .शो से जुड़े टेलीविजन एक्सपर्ट तरुण कटियाल ने हाल ही में द सेल साइड्स यूट्यूब चैनल के साथ एक बातचीत में खुलासा किया कि अमिताभ बच्चन शुरू में इस शो को करने के लिए तैयार नहीं थे. उन्हें मनाने में बहुत समय लगा. कई बार उन्होंने मना भी कर दिया था, लेकिन जब वो विदेश गए और वहां 'हू वॉन्ट्स टू बी ए मिलियनर' का जबरदस्त क्रेज देखा, तब उनका नजरिया बदल गया. इसके बाद उन्होंने इस शो के लिए हां किया. शो का पहला प्रोमो यूके में शूट किया गया था, ताकि इसे ओरिजिनल शो जैसा बनाया जा सके. इतना ही नहीं, अमिताभ बच्चन ने पहले एपिसोड की शूटिंग से पहले कई महीनों तक रिहर्सल की थी. वो ऑफिस के बेसमेंट में घंटों प्रैक्टिस करते थे.

बाद में जब ये शो साल 2000 में ऑन एयर हुआ, तो इसने अमिताभ बच्चन की जिंदगी बदल दी. खुद बिग बी ने शो के 1000 एपिसोड के पूरे होने के समय बताया था कि उस समय उन्हें अंदाजा नहीं था कि शो इतना बड़ा हिट होगा. कई लोगों ने उन्हें चेतावनी दी थी कि टीवी पर आने से उनका करियर खत्म हो सकता है, लेकिन हालात ने उन्हें मजबूर कर दिया. उस समय उनके पास फिल्मों के ऑफर भी नहीं थे. लेकिन जैसे ही शो शुरू हुआ, दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिला और उन्होंने महसूस किया कि लोग आज भी उनके साथ खड़े हैं. यही शो उनके करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ और उन्होंने एक नई शुरुआत की.

## मालती चाहर ने बिकनी पहन बढ़ाया इंटरनेट का पारा, दिए ऐसे-ऐसे पोज

बिग बॉस 19 फेम एक्ट्रेस मालती चाहर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है. उन्होंने बिकनी लुक में अपनी कुछ फोटोस शेयर की है, फैंस उनके इस अंदाज पर दिल हार बैठे हैं. मालती चाहर ने हाल ही में इंस्ट्राग्राम पर अपनी हर से ज्यादा ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं. इन फोटोज में एक्ट्रेस पिंक कलर की बिकनी पहने नजर आ रहीं है. कुछ फोटोज में एक्ट्रेस अपना कर्वी फिगर भी फ्लॉन्ट करती नजर आई. इस ग्लैमरस लुक में एक्ट्रेस ने कई कातिलाना पोज दिए हैं, जिसके फैंस दीवाने हो गए हैं मातली चाहर की ये तस्वीरें सामने आते ही इंटरनेट पर छा गई हैं. फैंस इन फोटोज पर भर भर कर कमेंट्स कर रहे हैं. बता दें मालती चाहर आए दिन इंस्ट्राग्राम पर अपनी ग्लैमरस फोटोज शेयर करती रहती है. हर एक फोटोज में उनका अलग ही अंदाज देखने को मिलता है. मालती चाहर ने बिग बॉस 19 से खूब सुर्खियां बटोरी. वो शो में वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के रूप में शामिल हुईं थी. शो में वो अपने बेबाक अंदाज के लिए चर्चा में रहीं. फैंस ने उन्हें खूब पसंद किया.

## चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव पर सख्त हुआ हाईकोर्ट, जज ने लगाई फटकार, बोलीं- 'हमें कमजोर मत समझो'

दिल्ली हाईकोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव के खिलाफ दायर चेक बाउंस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया. ये मामला कंपनी मुरली प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दायर किया गया था. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अभिनेता के बदलते रुख पर नाराजगी भी जताई. मामले की सुनवाई कर रहीं जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने साफ कहा कि अगर कोई जज विनम्रता से पेश आता है तो इसका मतलब ये नहीं कि उसे कमजोर समझ लिया जाए. दिल्ली हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान देखा कि राजपाल यादव और उनके वकील की दलीलों में विरोधाभास है. इस पर जज ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, 'आप कह रहे हैं कि आप पैसे देने को तैयार हैं लेकिन आपके वकील कह रहे हैं कि आप जेल जा चुके हैं इसलिए भुगतान नहीं करेंगे. अगर आप पैसे देने को तैयार हैं तो फिर मुझे ये मामला सुनने की जरूरत ही क्या है, भुगतान कर दीजिए'. राजपाल यादव ने कोर्ट से 6 करोड़ रुपये चुकाने के लिए 30 दिन का समय मांगा लेकिन कोर्ट ने ये मांग ठुकरा दी. जज ने साफ कहा, 'नहीं का मतलब नहीं. अब मैं फैसला सुरक्षित रख रही हूं और समय नहीं दिया जाएगा'. दरअसल मई 2024 में एक सेशन कोर्ट ने चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव को दोषी ठहराते हुए छह महीने की जेल की सजा सुनाई थी. बाद में दिल्ली हाईकोर्ट ने उनकी सजा पर रोक लगा दी थी क्योंकि उनके वकील ने कोर्ट को भरोसा दिलाया था कि दोनों पक्ष आपसी समझौते से विवाद सुलझा लेंगे. मामले को सुलझाने के लिए इसे दिल्ली हाईकोर्ट के मेडिएशन सेंटर भी भेजा गया था. लेकिन कोर्ट के मुताबिक कई बार समय देने और भरोसा दिलाने के बावजूद अभिनेता ने तय रकम का भुगतान नहीं किया. हाईकोर्ट ने पहले राजपाल यादव को करीब 2.5 करोड़ रुपये किस्तों में जमा करने की अनुमति दी थी. लेकिन उन्होंने ये रकम भी जमा नहीं कराई. इसी वजह से फरवरी 2026 में कोर्ट ने उन्हें जेल अधिकारियों के सामने सरेंडर करने का आदेश दिया. 5 फरवरी को राजपाल यादव ने सरेंडर किया और कुछ समय जेल में भी रहे. बाद में जब उन्होंने शिकायतकर्ता को 1.5 करोड़ रुपये जमा कराए तो कोर्ट ने उनकी सजा पर अंतरिम रोक लगा दी. शिकायतकर्ता कंपनी की ओर से पेश वकील अवनीत सिंह सिक्का ने कोर्ट को बताया कि अभिनेता ने लगभग 10 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया है.



## सिंगापुर की गलियों में बसा मौनी रॉय का दिल, बोलीं- शूटिंग करने आई थीं, लेकिन शहर के आकर्षण में खो गई

फिल्म और म्यूजिक की दुनिया में अक्सर शूटिंग लोकेशन्स कलाकारों के लिए बेहद खास होती हैं। ऐसा ही कुछ अनुभव अभिनेत्री मौनी रॉय ने किया, जब उन्होंने सिंगापुर में अपने नए म्यूजिक वीडियो सॉसी की शूटिंग की। इस गाने में उन्होंने पंजाबी सिंगर-रैपर रियार साब और मशहूर रैपर डिवाइन के साथ काम किया है। मौनी रॉय ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि सिंगापुर पहले से ही उनकी ट्रैवल लिस्ट में था, लेकिन इस बार वहां जाना उनके लिए बेहद खास बन गया। उन्होंने कहा, इस खूबसूरत देश को पहली बार एक्सपीरियंस करना और उसी दौरान शूटिंग करना मेरे लिए एक अनोखा अनुभव था। मुझे वहां का खाना, फैशन और माहौल बेहद अच्छा लगा। मैं खुद को उस माहौल में पूरी तरह घुली हुई महसूस कर रही थी। मौनी ने कहा, शूटिंग के दौरान मैं शहर के अलग-अलग हिस्सों में गई और हर जगह का अलग ही अनुभव था।

कभी शहर बहुत तेज रफ्तार और हलचल भरा लगता था, तो कभी शांत और सुकून देने वाला। धीरे-धीरे मुझे इस शहर से एक खास जुड़ाव महसूस होने लगा। मैं यहां काम करने आई थी, लेकिन इस शहर के आकर्षण में कहीं खो सी गई। मैं दोबारा जरूर सिंगापुर आना चाहूंगी। गाना सॉसी गली गैंग एंटरटेनमेंट के बैनर तले तैयार किया गया है और यह डिवाइन के पांचवें स्टूडियो एल्बम वॉकिंग ऑन वॉटर का हिस्सा है। डिवाइन ने इस गाने को लेकर कहा कि वह एक ऐसा ट्रैक बनाना चाहते थे जिसे लोग आसानी से सुन सकें और अच्छा महसूस करें। यह गाना एक अलग तरह की वाइब देता है, जिसमें म्यूजिक और एनर्जी दोनों है।उन्होंने कहा, रियार साब के साथ मेरी केमिस्ट्री हमेशा अच्छी रही है और मौनी रॉय के साथ काम करने से यह प्रोजेक्ट और भी खास बन गया। जब शूटिंग के लिए लोकेशन तय की जा रही थी, तो सिंगापुर सबसे सही जगह लगा। मुझे इस शहर की तेज रफ्तार अंदाज काफी पसंद आया। वहीं, रियार साब ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, डिवाइन के साथ काम करना हमेशा आसान और मजेदार होता है। सॉसी ऐसा गाना है जिसमें शुरुआत से ही सही एनर्जी थी। सिंगापुर में शूटिंग करना एक अलग और खास अनुभव था। हमने इस गाने में अपना पंजाबी अंदाज जोड़ने की कोशिश की है, ताकि लोग इसे सुनकर एंजॉय कर सकें।



## रश्मिका मंदाना के एयरपोर्ट लुक ने खींचा फैंस का ध्यान, सिंपल लुक और बिछिया में दिखीं खूबसूरत

रश्मिका मंदाना एक बार फिर अपने स्टाइलिश अंदाज को लेकर चर्चा में हैं. हाल ही में उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया है, जहां उनके सिंपल और समर लुक ने लोगों का ध्यान खींच लिया है. हल्के रंग के कपड़े और मिनिमल एक्सेसरीज के साथ उनका पूरा लुक बहुत नेचुरल और शानदार लग रहा है. इसी बीच आइए उनके लुक पर एक नजर डालते हैं. रश्मिका ने अपने बाल खुले रखे है, जो हल्के स्ट्रेट और नेचुरल दिख रहे थे. ये सिंपल हेयरस्टाइल उनके पूरे लुक को फ्रेश और ट्रैवल-फ्रेंडली बना रहा है. उन्होंने हल्के पीले रंग का टॉप पहना, जो देखने में समर वाइब दे रहा है. इसके साथ ब्लू जींस ने उनका लुक स्टाइल और कंफर्टेबल दिख रहा है. उनका मेकअप बहुत हल्का और नेचुरल है. शादी के बाद उनकी स्किन और भी ज्यादा ग्लो कर रही है, जो उन्हें बहुत खूबसूरत बना रहा है. रश्मिका ने मरून कलर की हील्स पहनी है, जो उनके पूरे लुक को कंप्लीट कर रही हैं. साथ ही ये उनके सिंपल लुक को क्लासी बना रही हैं. साथ ही उनके पैरों में बिछुए भी नजर आए, जो शादी के बाद की पारंपरिक पहचान माने जाते हैं. तस्वीरों में उनके बिछुए ने सबसे ज्यादा फैंस का ध्यान खींचा है. ब्लैक सनग्लासेस ने उनके एयरपोर्ट लुक को और ज्यादा कूल बना दिया है. साथ ही उन्हें एक स्मार्ट और कॉन्फिडेंट टच भी दे रहा है. बता दें, इन दिनों वो अपनी आने वाली फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर सुर्खियां बटोर रही है, जिनमें उनके साथ कृति सेनन और शाहिद कपूर लीड रोल में है.

## स्वस्थ आंखों के लिए रात को अपनाएं ये 5 तरीके, लाभ होगा





आंखें हमारे चेहरे की सुंदरता को बढ़ाने में खास भूमिका निभाती हैं। हालांकि, रोजमर्रा की भागदौड़ और सही देखभाल न करने के कारण आंखों के आसपास की त्वचा थकी हुई और डल दिख सकती है। ऐसे में अगर आप अपनी आंखों की देखभाल के लिए एक अच्छी रात की स्किन केयर रूटीन अपनाते हैं तो इससे आपकी आंखें तरोताजा और खूबसूरत दिख सकती हैं। आइए आज हम आपको इसके लिए पांच आसान तरीके बताते हैं।

**मेकअप हटाना न भूलें:** सोने से पहले आंखों का मेकअप साफ करना बहुत जरूरी है। अगर आप ऐसा नहीं करती हैं तो इससे आपकी आंखों की त्वचा रूखी और डल दिख सकती है। इसके लिए एक अच्छी क्वालिटी वाला मेकअप रिमूवर या नारियल के तेल का इस्तेमाल करें। यह न केवल मेकअप हटाता है, बल्कि आंखों की कोमल त्वचा को पोषण भी देता है। मेकअप हटाने के बाद हल्के हाथों से मालिश करें ताकि रक्त संचार बेहतर हो सके।

**आंखों की सफाई करें:** आंखों की सफाई करना भी जरूरी है। इसके लिए गुनगुने पानी में थोड़ा सा गुलाब जल मिलाकर उसमें रुई भिगोकर आंखों पर रखें। इससे आंखें तरोताजा महसूस होंगी। इसके अलावा यह तरीका आंखों की सूजन को कम करने में भी मदद कर सकता है। नियमित रूप से इस प्रक्रिया को अपनाने से आपकी आंखों की त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनी रहती है। इससे आंखों की थकान भी दूर होती है और वे तरोताजा दिखती हैं।

**ठंडी चायपत्ती या खीरे के टुकड़े लगाएं:** ठंडे चायपत्ती या खीरे के टुकड़े आंखों पर रखने से सूजन और काले घेरे कम होते हैं। इसके लिए पहले चायपत्ती को उबालकर ठंडा कर लें, फिर उसे छोटे कपड़े में बांधकर फ्रिज में रख दें। सोने से पहले ठंडी चायपत्ती को आंखों पर रखें और 10-15 मिनट तक छोड़ दें। खीरे के टुकड़े भी इसी तरह असरदार होते हैं। इन तरीकों को अपनाने से आपकी आंखें तरोताजा और युवा दिखेंगी।

**अच्छी नींद लें :** अच्छी नींद लेना बहुत जरूरी है। रोजाना 7-8 घंटे की नींद लें ताकि आपकी आंखें पूरी तरह आराम कर सकें। नींद पूरी न होने पर आंखें थकी हुई और डल दिखती हैं, जिससे आपकी सुंदरता प्रभावित होती है। अच्छी नींद लेने से न केवल आपकी आंखें तरोताजा दिखेंगी बल्कि आपकी त्वचा भी निखरेगी। इसके अलावा यह आपकी मानसिक स्थिति को भी बेहतर बनाएगा और आप ज्यादा ऊर्जा महसूस करेंगे।

**नियमित व्यायाम करें :** नियमित व्यायाम करने से न केवल आपका शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि आपकी आंखें भी तरोताजा महसूस होती हैं। रोजाना थोड़ी देर टहलें या योग करें ताकि रक्त संचार बेहतर हो सके। इन सभी तरीकों को अपनाकर आप अपनी आंखों की देखभाल कर सकते हैं और उन्हें स्वस्थ बनाए रख सकते हैं। इन आसान तरीकों से आपकी आंखें तरोताजा, युवा और खूबसूरत दिखेंगी।

## दुल्हन बनने से पहले अंशुला कपूर ने की दोस्तों संग पार्टी, वायरल हो रहीं बैचलर्स की फोटोज




बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर इन दिनों साउथ कोरिया के सियोल में घूम रही हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो अपने फ्रेंड्स के साथ इस सफर को यादगार बना रही है. अंशुला जल्द ही रोहन ठक्कर के साथ शादी करने वाली हैं, जिसके लिए उन्होंने अपने ग्रुप के साथ ब्राइड टू बी सेलिब्रेट किया. अब वो तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है. इन तस्वीरों के साथ अंशुला ने लिखा, 'सियोल वाले दोस्त हमेशा के लिए. अपने पुराने दोस्तों के साथ फुल बैचलरेट वाली मस्ती.' इस तस्वीर में अंशुला एक ब्लू स्कर्ट और ब्लैक टीशर्ट में नजर आ रही है. साथ ही ब्राइड टू बी का चश्मा पहनी है, जिससे पता चलता है कि वो अपने आने वाली जिंदगी के लिए बहुत खुश है. इसमें अंशुला के साथ उनके दोस्त भी नजर आ रहे है, जिसमें सभी ने एक जैसे पिंक कलर के टीशर्ट पहने है, जिसपर 'वाइफ बनने से पहले सियोल वाली मस्ती' लिखा है. अंशुला इसमें एक पिंक कलर के लंबे कोट, जींस और ब्लैक बैग लिए पोज देती नजर आ रही है. इसमें उनका लुक सियोल के लिए परफेक्ट नजर आ रहा है. ब्लू एंड व्हाइट ड्रेस में अंशुला अपने दोस्तों संग पोज दे रही है, जिसमें उनका लुक बहुत ही स्टाइलिश और क्लासी लग रहा है. इसमें अंशुला शादी से पहले अपने खास दिनों को एंजॉय करते हुए दोस्तों संग पार्टी में अपना फेवरेट फूड खाती नजर आ रही है. पिंक कोट और बालों को जुड़ा बनाए अंशुला हार्ट का साइन दे रही है. उनकी मुस्कुराहट और शादी के लिए उनकी खुशी साफ झलक रही है.

# Gautam Adani Visits Ayodhya, Backs Gurukul AI Learning Push

**Ayodhya:** Gautam Adani, Chairman of the Adani Group, visited Ayodhya on the occasion of Hanuman Jayanti, reaffirming his faith and commitment to India's cultural and knowledge traditions.

Accompanied by his wife Priti Adani, son Karan Adani, and daughter-in-law Paridhi Adani, Adani offered prayers at the Shri Ram Temple, a site widely regarded as a symbol of faith, devotion, and India's civilisational continuity.

Describing the darshan as a moment of "deep emotion and pride," Adani highlighted the temple's significance beyond religion, calling it a representation of national unity, cultural identity, and rising confidence. He invoked the ideals of Lord Ram—truth, duty, and service—as guiding principles for the country's progress.

Following the temple visit, Adani visited the historic Shri Nishulk Gurukul Mahavidyalaya, located nearby, where





he interacted with students and faculty. Established in 1935 by Swami Tyaganand and rooted in the principles of the Arya Samaj, the institution follows the traditional gurukul system of residential learning.

During the interaction, Adani emphasized the importance of preserving India's knowledge systems while adapting to modern advancements. He announced that the Adani Foundation would support the gurukul by introducing an AI-enabled laboratory, aimed at blending traditional education with emerging technologies.

"With values at its core, education shapes not just individuals but the future of a nation," Adani said, underlining the need to integrate heritage with innovation in an increasingly AI-driven world.

The gurukul, which provides free education to around 200 students, reflects a holistic learning environment that combines academics with cultural and ecological practices, including a gaushala. The institution has a rich legacy, having been visited by national leaders such as Mahatma Gandhi and Subhas Chandra Bose.

Adani also reiterated his philosophy of "Seva Hi Sadhana Hai," emphasizing service as a lifelong commitment rooted in responsibility and humility. His visit builds on earlier engagements with major cultural events like the Maha Kumbh Mela and the Jagannath Rath Yatra.

The visit underscored a broader vision of aligning India's ancient traditions with future-ready learning, reinforcing the enduring link between faith, education, and national development.

# Calcutta High Court Backs ECL in Action Against Illegal Quarters

**DB Reporter**

**Sanctoria:** In a significant development, the Calcutta High Court has delivered two decisive judgments in favour of Eastern Coalfields Limited (ECL), reinforcing accountability and strict action against unauthorized occupation of company quarters after retirement.



The rulings, delivered on April 1, 2026, in cases WPA 6050 of 2026 and WPA 6053 of 2026, clearly uphold ECL's stance on ensuring fair and lawful use of company-provided housing. ECL, a subsidiary of Coal India Limited, welcomed the verdict, calling it a strong endorsement of discipline and transparency in resource allocation.

The Court's decision aligns with Coal India Limited's 2021 policy directive, which mandates timely vacation of company quarters by employees after retirement. In its judgment, the Court set aside earlier orders and affirmed that dues arising from unauthorized occupation qualify as government dues and can be legally recovered from retiral benefits, including gratuity.

The cases involved former employees of Poniati Workshop and Satgram-Sripur Area who continued to occupy company accommodations despite repeated notices. ECL had withheld gratuity payments in these instances—a move now validated by the Court. It ruled that penal rent imposed for unauthorized occupation is legitimate and recoverable.

The Court further directed that gratuity amounts—Rs. 18.99 lakh in one case and Rs. 20 lakh in another—currently deposited with the Controlling Authority (ALC, Asansol), be returned to ECL. The company has been granted liberty to deduct outstanding dues, including penal rent, until the quarters are vacated. Any remaining balance must be paid to the concerned individuals within 15 days of vacating the premises.

Importantly, the Court warned that tolerating such unauthorized occupation could set a harmful precedent, depriving serving employees of essential housing facilities. The judgment underscores the importance of safeguarding limited resources and ensuring fair access for eligible employees.

This ruling is expected to strengthen institutional discipline while protecting the rights of thousands of workers in the coal sector who depend on company housing.

# Kharge slams govt for not allowing debate on LPG crisis

**New Delhi, Agency:** Leader of Opposition in the Rajya Sabha Mallikarjun Kharge on Wednesday raised concerns over the Centre's reluctance to allow a discussion on the rising LPG crisis, questioning why the government was avoiding a debate on an issue affecting households across the country.Addressing the House, Kharge said the government appeared "selective" in allowing discussions, choosing to take up matters at its convenience while sidestepping pressing concerns. He pointed out that despite writing twice to seek a short-duration discussion under Rule 176 on LPG prices, no time had been allocated for the issue.



He also responded to criticism from treasury benches over his absence at the all-party meeting on the Middle East situation, countering that the Prime Minister, Narendra Modi, was himself not present at the meeting. Kharge further said he had deputed representatives, questioning the grounds on which his absence was being raised. "There has been a global surge in prices of essential commodities, including LPG, which is also impacting India. Yet, the government is unwilling to facilitate a structured discussion in Parliament," the Congress chief said.

## Apex court raps Centre for unnecessary litigation

**New Delhi, Agency:** Rapping the Centre for unnecessary litigation, the Supreme Court on Wednesday imposed Rs 25,000 costs on it for challenging a Punjab and Haryana High Court order that set aside a Central Industrial Security Force (CISF) constable's dismissal.

CISF constable Sukhwinder Singh, who had been in service for 10 years, was removed from service for unauthorised absence of 11 days and for his alleged misconduct in conniving with the daughter of another CISF constable to leave Mumbai and attend her wedding with his younger brother at a temple in Raipur.

However, the HC set aside his dismissal order with 25 per cent back wages. A Bench led by Justice BV Nagarathna faulted the Centre for pursuing the matter despite the high court granting relief to the CISF constable.

## 3.4 magnitude tremor hits Gujarat's Navsari no casualty



**New Delhi, Agency:** A 3.4 magnitude tremor hit south Gujarat's Navsari district on Thursday morning, the Institute of Seismological Research (ISR) said.

The tremor was recorded at 5.27 am, with its epicentre located 22 km east-southeast of Vansda, the Gandhinagar-based institute said.

No damage to property or casualty was reported, local officials said.

Gujarat faces a high earthquake risk. It has suffered nine major earthquakes in the past 200 years, as per the information provided by the Gujarat State Disaster Management Authority (GSDMA).

The 2001 Kutch earthquake was the third-largest and second-most destructive in India over the last two centuries, as per GSDMA.

On January 26, 2001, an earthquake of 6.9 magnitude struck near Bhachau in Gujarat's Kutch and affected the entire state. The quake claimed as many as 13,800 lives and left 1.67 lakh others injured.

# Without supervision, use of GLP-1 drugs dangerous: Ministry

**New Delhi, Agency:** "There are various side effects - both mild and serious - associated with GLP-1 drugs, ranging from nausea and dizziness to pancreatitis and medullary thyroid cancer," it said.



GLP-1 drugs carry a wide range of risks, from common symptoms such as nausea and vomiting to severe complications, including pancreatitis, kidney injury and bowel obstruction.

"India's regulatory authorities have taken firm steps to prevent unsupervised use and malpractices in the supply chain. Patients and the public are strongly advised to consult a qualified medical specialist before use, and to obtain these medications only with a prescription through legitimate, regulated channels," the ministry said.

To ensure ethical pharmaceutical practices in the supply of weight-loss drugs (GLP-1), the Drugs Controller General of India has intensified surveillance against unauthorised sale and promotion.

On March 10, the Drug Controller General of India issued a comprehensive advisory to all manufacturers, explicitly prohibiting surrogate s and any form of indirect promotion that could mislead consumers or encourage off-label use.

**How do weight-loss drug works:** When food is consumed, the digestive system breaks it down into simple sugars that enter the bloodstream.

# US flags barriers in India pharma market, says Ayushman scheme not reimbursing patended medicines:

**New Delhi, Agency:** American pharmaceutical companies developing cutting-edge, patented medicines are struggling to tap India's vast healthcare market, with the Centre's flagship insurance scheme - Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (AB-PMJAY) - not reimbursing such drugs.



The concern has been highlighted in the 2026 National Trade Estimate Report on Foreign Trade Barriers released by the office of the United States Trade Representative, which assesses trade impediments faced by American companies globally.

The report notes that US innovative pharmaceutical firms are "largely unable to access the majority of India's pharmaceutical market" as AB-PMJAY, which covers over 700 million Indian citizens, excludes patented medicines from reimbursement.

The findings come amid ongoing negotiations between India and the US for a proposed bilateral trade agreement, which seeks to address market access issues and rebalance trade ties.

The report also raised concerns over India's drug pricing regime, particularly caps imposed by the National Pharmaceutical Pricing Authority, arguing that such controls do not adequately reflect the cost of innovation and production.

Apart from pharmaceuticals, the report flags a range of barriers, including high tariffs, price controls and regulatory complexities. India's average applied tariff rate stood at 16.2 per cent, with significantly higher duties on certain products, including drug formulations and agricultural goods.

# 47 lakh of 60 lakh SIR objections disposed of in West Bengal: SC

**New Delhi, Agency:** Around 47 lakh out of the 60 lakh objections in the ongoing special intensive revision (SIR) of electoral rolls in poll-bound West Bengal have been disposed of till March 31, the Supreme Court was informed on Wednesday.



"We have received a letter from the Calcutta High Court Chief Justice on Tuesday. We are happy about the facts and figures given.... Out of 60 lakh, 47 lakh objections have been decided till last evening. By April 7, all objections will be decided," a three-judge Bench led by Chief Justice of India Surya Kant said.

The Bench - which also included Justice Joymalya Bagchi and Justice Vipul M Pancholi - said the Calcutta High Court Chief Justice has informed it that around 1.75 lakh to 2 lakh objections were being dealt with every day and that by April 7 all objections will be decided.

On behalf of the poll panel, senior advocate Dama Seshadri Naidu informed the Bench about the constitution of 19 appellate tribunals headed by former high court judges to deal with challenges to the exclusion of voters from the rolls in the SIR exercise being conducted by judicial officers in the state.

The tribunals will function from Dr Shyama Prasad Mukherjee National Institution of Water and Sanitation, Kolkata, the EC counsel told the Bench. The Bench said the appellate tribunals must have access to the reasons recorded by the adjudicating officers for exclusion of a voter from the rolls and that the reasons should be supplied to the affected parties.

"Even if a person is excluded today, and is unable to vote in this particular election, but that exclusion appears to be unjustified to a tribunal headed by a former Chief Justice, we see no reason why the decision cannot be altered and he can't be included. And likewise, a person incorrectly included, and votes in this election, and your representative makes a report to the tribunal, we see no reason why the entire cleaning exercise taken by you should not be taken to its logical conclusion," the top court said. The poll panel also told the Bench that it has notified a circular regarding payment of honourarium and other related expenses for the tribunal heads. The petitioners were represented by senior advocates Kapil Sibal, Shyam Divan, Menaka Guruswamy, Gopal Sankaranarayanan, Kalyan Bandyopadhyay, Bikash Ranjan Bhattacharya and others.

On behalf of the TMC, Bandopadhyay raised the issue of alleged bulk submission of Form 6 applications by BJP workers for inclusion in electoral rolls.

Supplementary lists are being published now. The recent EC notification...allows Form 6...but Form 6 cannot be allowed when adjudication is going on," Bandopadhyay said.

## Were minutes away from striking Pakistan during Op Sindoor: Indian Navy Chief

**New Delhi, Agency:** Navy Chief Admiral Dinesh K Tripathi on Wednesday said the force was "just minutes away" from launching a strike on Pakistan from the sea when offensive action under Operation Sindoor was halted at Islamabad's request. Operation Sindoor was officially halted around 5.30 pm on May 10 last year. Admiral Tripathi said the episode demonstrated the Navy's exemplary readiness and resolve, with units undertaking swift deployment and maintaining a highly aggressive posture throughout the period. He was addressing an investiture ceremony in Kochi. "Through swift and resolute actions during Operation Sindoor, the Navy reinforced the nation's confidence and trust in its capabilities," he added. Speaking about the West Asia crisis, the Navy Chief said the global order was marked by increasing fragmentation and friction.